दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 | कदम बढ़ाएं, सच के साथ


वर्ष : 15 | अंक : 255 | जयपुर | शनिवार ,19 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-नवमी संवत-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## बदलाव चाहता है बंगाल, पीएम मोदी का ममता सरकार पर वार

### बोले- टीएमसी का गुंडा टैक्स बंगाल में निवेश को रोक रहा

बढ़ता राजस्थान



**कोलकाता ( एजेंसी )।** नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है, और आज यहां जिन परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, वो इसी का प्रतीक हैं। बंगाल, बदलाव चाहता है। बंगाल, विकास चाहता है।

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह सावन का पवित्र महीना है और इस पवित्र समय के दौरान, मुझे पश्चिम बंगाल के विकास के उत्सव में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा के पश्चिम बंगाल के लिए बड़े सपने हैं और वह %विकसित पश्चिम बंगाल% का विकास करना चाहती है। उन्होंने कहा कि लोग यहां देशभर से रोजगार के लिए आते थे, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह उलट गई। आज पश्चिम बंगाल का नौजवान, पलायन के लिए मजबूर है। छोटे-छोटे काम के लिए भी उसे दूसरे राज्यों की तरफ जाना पड़ रहा है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है, और आज यहां जिन परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, वो इसी का प्रतीक हैं। बंगाल, बदलाव चाहता है। बंगाल, विकास चाहता है। मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि मैं आज आपको ये यकीन दिलाने आया हूं कि बंगाल की बदहाल स्थिति को बदला जा सकता है। भाजपा की सरकार आने के बाद, सिर्फ कुछ ही वर्षों में बंगाल देश के शीर्ष औद्योगिक राज्यों में से एक बन सकता है। यह मेरा दृढ़ विश्वास है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार, बंगाल के विकास के आगे दीवार बनकर खड़ी है। जिस दिन टीएमसी सरकार की ये दीवार गिरेगी, उसी दिन से बंगाल विकास की नई तेजी पकड़ लेगा। टीएमसी की सरकार जाएगी, तभी असली परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से मैं आपसे आग्रह करता हूं, एक बार भाजपा को अवसर दीजिए। एक ऐसी सरकार चुनिए, जो कामदार हो, ईमानदार हो और दमदार हो। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में, इस क्षेत्र में निवेश और रोज़गार के लिए स्थिति लगातार प्रतिकूल होती गई है। हिंसा की लगातार घटनाएँ, पक्षपातपूर्ण पुलिस व्यवस्था और न्याय व्यवस्था में अविश्वास ने एक ऐसा माहौल बना दिया है जहाँ कोई भी निवेश करने को लेकर आश्वस्त महसूस नहीं करता। जीवन और व्यवसायों की सुरक्षा करने में राज्य सरकार की अक्षमता संभावित निवेशकों की चिंताओं को और गहरा करती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि टीएमसी पश्चिम बंगाल में निवेश और रोजगार सृजन के खिलाफ है। मुर्शिदाबाद जैसे दंगे पश्चिम बंगाल में होते हैं और पुलिस एकतरफा कार्रवाई करती है। पश्चिम बंगाल में न्याय की कोई किरण नहीं है। राज्य सरकार राज्य के लोगों के जीवन की रक्षा नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि प्राइमरी एजुकेशन हो या हायर एजुकेशन, हर स्तर पर शिक्षा को बर्बाद किया जा रहा है। टीएमसी की सरकार ने बंगाल की एजुकेशन व्यवस्था को अपराध और भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया है। हजारों योग्य शिक्षक आज बेरोजगार है, इसकी सबसे बड़ी वजह है, टीएमसी का भ्रष्टाचार। इससे हजारों परिवारों पर संकट आया है और लाखों बच्चों का भविष्य टीचर की कमी के कारण अंधेरे में हैं। टीएमसी ने बंगाल के वर्तमान और भविष्य दोनों को संकट में डाल दिया है।

मोदी ने साफ तौर पर कहा कि टीएमसी का गुंडा टैक्स बंगाल में निवेश को रोक रहा है। राज्य के संसाधन माफिया के हाथों में चले गए हैं, और सरकारी नीतियाँ जानबूझकर मंत्रियों को खुलेआम भ्रष्टाचार करने के लिए प्रेरित करने के लिए बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष की बात करने वाली पार्टी की सरकार में बेटियों के साथ जो अन्याय हो रहा है, वो पीड़ा भी देता है और आक्रोश से भर भी देता है। आज पश्चिम बंगाल में अस्पताल भी बेटियों के लिए सुरक्षित नहीं हैं। जब यहां एक डॉक्टर बेटी के साथ अत्याचार हुआ, तो टीएमसी सरकार आरोपियों को बचाने में जुट गई। इस घटना से देश अभी उबरा भी नहीं था कि एक और कॉलेज में एक और बेटी के साथ भयंकर अत्याचार किया गया। इस घटना के आरोपियों का कनेक्शन भी टीएमसी से निकला है। हमें मिलकर बंगाल को इस निमर्मता से मुक्ति दिलानी है।

## शराब घोटाला-5 दिन की ईडी रिमांड पर चैतन्य बघेल

### छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बोले-मोदी-शाह ने अपने मालिक को खुश करने के लिए ईडी को भेजा



बढ़ता राजस्थान

**रायपुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक यह गिरफ्तारी शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई है। ईडी ने चैतन्य बघेल को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चैतन्य को 22 जुलाई तक श्वष्ठ की 5 दिन की रिमांड पर भेजा है। कोर्ट में भूपेश बघेल, चरणदास महंत, मोहम्मद अकबर समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे।इसके पहले भूपेश बघेल ने ङ्ग पर पोस्ट कर लिखा- ईडी आ गई। आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अडाणी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठाना था। भिलाई निवास में साहेब ने ईडी भेज दी है।विधानसभा जाते वक्त भूपेश बघेल ने कहा- पिछली बार मेरे जन्मदिन पर श्वष्ठ को भेजा गया था। इस बार मेरे बेटे के जन्मदिन पर मोदी-शाह ने अपने मालिक को खुश करने के लिए श्वष्ठ को भेजा है। भूपेश बघेल न झुकेगा और न ही डरेगा। आज विधानसभा में अडाणी का मुद्दा उठेगा, इसलिए ईडी को भेजा गया है।

### जानिए क्या है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपीत्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी हॉस्पिटलों में मरीजों से मिलने वाले पैसे में गड़बड़ी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स.. )।** राजस्थान के सरकारी हॉस्पिटलों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बनी राजस्थान मेडिकल रिलिफ सोसायटी में बड़ी गड़बड़ी होने लगी है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में एक सर्कुलर जारी करके सभी हॉस्पिटल प्रमुखों को इस सोसायटी में आने वाले पैसे (नकद या चैक) को निर्धारित समय पर सोसायटी के बैंक खातों में जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने और उससे ब्याज सहित राशि वसूलने के साथ विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी जारी की है।दरअसल, स्वास्थ्य विभाग की इंटरनल ऑडिट में सामने आया है कि कई हॉस्पिटलों में आरएमआरसी में आने वाली राशि को समय पर जमा न करवाकर उसे निजी उपयोग या अन्य कार्यों में काम में लिया जा रहा है। इसके चलते कुछ संस्थाओं में इसके गबन की भी शिकायतें आई। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने यह सर्कुलर जारी करके जिला स्तर के हॉस्पिटल, सैटेलाइट हॉस्पिटल समेत शहरों में मौजूद हॉस्पिटलों को आरएमआरएस में आने वाली राशि को उसी दिन या अगले वर्किंग दिन रोकड़बही में एंट्री करके बैंक में जमा करवाने के निर्देश दिए हैं।साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) को क्रमश- 5 और 3 दिन में जमा करवाने के निर्देश दिए है।

### राजनाथ सिंह के आवास पर बीजेपी नेताओं की बड़ी बैठक



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सूत्रों ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने आगामी संसद सत्र से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सोमवार से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। संसद के मानसून सत्र से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की एक रणनीतिक बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, मनोहर लाल खट्टर, एल. मुरुगन, अर्जुन राम मेघवाल और सीआर पाटिल शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने आगामी संसद सत्र से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की।

## इंडिया लॉक का हिस्सा नहीं है आप, अपने खास प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की मिट्टी पलीद करेंगे केजरीवाल?

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राज्यसभा सांसद ने कहा कि आप ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। इंडिया ब्लॉक (2024) लोकसभा चुनावों के लिए था। हमने दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़े। हम बिहार चुनाव अकेले लड़ेंगे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) शुक्रवार को आधिकारिक रूप से विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) से अलग हो गई। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि आप अब विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है और सोमवार से शुरू होने वाले संसद के आगामी मानसून सत्र से पहले होने वाली गठबंधन की बैठक में भी भाग नहीं लेगी। सिंह ने कहा कि इंडिया ब्लॉक का गठन केवल 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए किया गया था और पार्टी ने उसके बाद के सभी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़े हैं। आप और कांग्रेस ने 2024 का लोकसभा चुनाव दिल्ली में इंडिया ब्लॉक के तहत मिलकर लड़ा था। हालाँकि, दोनों पार्टियाँ हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़े। राज्यसभा सांसद ने कहा कि आप ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। इंडिया ब्लॉक (2024) लोकसभा चुनावों के लिए था। हमने दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़े। हम बिहार चुनाव अकेले लड़ेंगे। हमने पंजाब और गुजरात के उपचुनाव अकेले लड़े। आप इंडिया का हिस्सा नहीं है। हालाँकि, आप नेता ने कहा कि पार्टी संसद के भीतर विपक्षी दलों के साथ रणनीतिक गठबंधन बनाए रखेगी। उन्होंने कहा कि संसदीय मुद्दों पर, हम तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक जैसी विपक्षी पार्टियों का समर्थन लेते हैं। और वे भी हमारा समर्थन लेते हैं। हमने हमेशा एक मज़बूत और शक्तिशाली विपक्ष की भूमिका निभाई है और आगे भी निभाते रहेंगे। इस बीच, आप नेता ने विपक्षी गुट का नेतृत्व करने में कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाया। यह बच्चों का खेल नहीं है। क्या लोकसभा चुनाव के बाद उन्होंने कोई बैठक की? क्या इंडिया ब्लॉक के विस्तार की कोई पहल हुई? कभी वे अखिलेश यादव की आलोचना करते हैं, कभी उद्धव ठाकरे की और कभी ममता बनर्जी की। इंडिया ब्लॉक को एकजुट होना चाहिए था।

## राजस्थान के टॉप 25 मोस्ट वांटेड बदमाशों की लिस्ट:हत्या, डकैती और लूट केस, 5 लाख रुपए तक के इनाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण आदेश जारी कर राज्य स्तर पर टॉप-25 मोस्ट वांटेड क्रिमिनल्स की नई सूची जारी की है। लिस्ट में 12 नए बदमाशों के नाम शामिल किए गए हैं, जो विभिन्न अपराधों में फरार हैं। इन अपराधियों पर 2 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक के इनाम रखे गए हैं। कुल 32.87 लाख रुपए का इनाम घोषित है। इनमें लॉरेंस गैंग से जुड़े बदमाश भी शामिल हैं। एडीजी (क्राइम) दिनेश एम.एन ने बताया- हमने राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता में विश्वास बहाल करने का संकल्प लिया है। राजस्थान में टॉप-25 मोस्ट वांटेड क्रिमिनल्स की नई सूची जारी की गई है। इसमें 12 नए अपराधियों के नाम शामिल कर लाखों रुपए के इनाम घोषित है। ये 25 अपराधी समाज के लिए बड़ा खतरा हैं। इनकी गिरफ्तारी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।पुलिस की सभी इकाइयां तालमेल के साथ काम करेंगी ताकि कोई भी अपराधी बच न पाए। जनता से भी हमारा आग्रह है कि वे किसी भी सूचना को बेझिझक पुलिस के साथ साझा करें।








## उज्जैन के इंस्पेक्टर को राजस्थान में सीबीआई ने किया गिरफ्तार

### 1 करोड़ की रिश्वत मांगी थी, बिचौलिए के जरिए 3 लाख रुपए लेते पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की जयपुर टीम ने उज्जैन के केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर और बिचौलिए को रिश्वत लेते अरेस्ट किया गया है। आरोपी ने नारकोटिक्स केस में परिवार को नहीं फंसाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। कुल एक करोड़ की रिश्वत मांगी गई थी। इसके बाद 53 लाख में सौदा तय हुआ था। इंस्पेक्टर के लिए 3 लाख रुपए लेते बिचौलिए को पकड़ा गया है। इसके बाद उज्जैन से इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया। फिलहाल दोनों आरोपियों से ष्टक्चढ्ढ टीम पूछताछ करने में जुटी है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई जयपुर की टीम ने चित्तौड़गढ़ के एक होटल में रिश्वत लेने पहुंचने पर आरोपी बिचौलिए को पकड़ा।केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो में गुरुवार को एक परिवादी ने शिकायत दर्ज करवाई।



शिकायत में बताया- केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो उज्जैन में तैनात इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह बिचौलिए जगदीश मेनेरिया के जरिए रिश्वत के लिए परेशान कर रहा है। रिश्वत की रकम उसे और उसके परिवार को नारकोटिक्स के झूठे केस में नहीं फंसाने की एवज में मांगी जा रही है। सीबीआई की ओर से शिकायत पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के आरोपी इंस्पेक्टर और बिचौलिए के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

#### इंस्पेक्टर के लिए रिश्वत ले रहा था बिचौलिया

सीबीआई ने ट्रैप का जाल बिछाकर परिवादी को रिश्वत की रकम देने के लिए भेजा। रिश्वत के 3 लाख रुपए लेते ही सीबीआईटीम ने बिचौलिए को रंगे हाथों पकड़ लिया। सीबीएन के आरोपी इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह के कहने पर आरोपी बिचौलिए जगदीश मेनेरिया ने रिश्वत ली थी। सीबीआई टीम ने रिश्वत लेने के आरोप में सीबीएन उज्जैन के इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह और बिचौलिए जगदीश मेनेरिया को अरेस्ट कर लिया। सीबीआईटीम ने आरोपियों के राजस्थान और मध्य प्रदेश में अलग-अलग तीन ठिकानों पर तलाशी ली। टीम ने तलाशी में डॉक्युमेंट जब्त किए है।

#### चित्तौड़गढ़ में दबिश देकर पकड़ा

दरअसल, जांच में सामने आया कि मार्च 2025 में लावारिस हालत में मिली गाड़ी से 400 चत्र डोडा-चूरा पकड़ा गया था। इसके बाद से परिवादी व उसके परिवार को इंस्पेक्टर महेन्द्र की ओर से टारगेट करना शुरू कर दिया। बिचौलिए के जरिए परिवादी किसान और उसके परिवार को झूठे केस में नहीं फंसाने के नाम पर 1 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। बिचौलिए जगदीश के जरिए इंस्पेक्टर महेन्द्र पिछले काफी समय से रिश्वत की डिमांड कर रहा था। इसके बाद 53 लाख रुपए में सौदा तय होने पर 3 लाख रुपए लेने धर-दबोचा।

## सदर थाना पुलिस ने एक माह पूर्व हुए हमले के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने गुर्जर गावड़ा में एक माह पूर्व हुए हमले के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 3 हजार रुपए का इनाम घोषित था।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गुर्जर गावड़ा निवासी जय सिंह मीना है। इस मामले में अब तक कुल 4 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एक आरोपी को एक दिन पहले ही पकड़ा गया था।गिरफ्तारी अभियान में एएसआई बदन सिंह, हेमराज, प्रधान, हेमेंद्र, भूपेंद्र, संजय और भरत सिंह की टीम शामिल रही। आरोपी वारदात के बाद से फरार था। पुलिस अधीक्षक ने इसकी गिरफ्तारी के लिए 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।पुलिस आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है। जांच के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## हिंडौन से सोमनाथ के लिए 1900 किमी दूरी डाक कावड़ यात्रा हुई रवाना



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** शुक्रवार को संत छैय्यादास महाराज के नेतृत्व में हिन्डौन से भारत की सबसे लम्बी दुरी की डाक कावड़ यात्रा गंगोत्री से सोमनाथ तक के लिये रवाना हुयी।संत छैय्यादास ने बताया कि डांक कावड यात्रा 1900 किमी दूरी तय की जाएगी। डांक कावड यात्रा मे 100 कार्यकर्ताओ का दल गौशाला स्थित गुप्तेश्वर महादेव जी मंदिर से राम के जयकारो के साथ रवाना हुये।डाक कावड़ यात्रा की रवानगी के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक नन्द सिंह व विहिप जिला मंत्री सौरभ शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहें।संत छैय्यादास महाराज ने बताया कि सम्पूर्ण विश्व में हिंदुत्व और वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु डाक कावड़ यात्रा के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है। डाक कावड़ यात्रा उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान सहित कई राज्यों से होते हुए गुजरात के सौराष्ट्र स्थित सोमनाथ मंदिर पहुंचेगी। विश्व हिंदू परिषद् व बजरंग दल के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। इस अबसर पर जगह जगह स्वागत किया। इस दौरान विहिप के भारत सोलंकी आशीष जांगिड़, सुरेन्द्र जाटव, अमरसिंह जाटव, हार्दिक गर्ग, बबलू पुजारी, मोनू प्रजापति गोलू वर्मा पीयूष शर्मा, मनीष आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय हैंड बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में तीन दिवसीय हैंड बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुभाष चंद ने प्रतिवेदना पढ़कर सुनाई। कार्यक्रम में केशव देव मीणा, मोहम्मद आरिफ खान, बलवान सिंह, राजकुमार मीणा, कृष्ण सिन्धु, अरुण शर्मा, दुष्यंत यादव, भगवान दास, विनोद कुमारी, मोनिका यादव, ममता, सुनीता यादव समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया। उपखंड अधिकारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

## हरिद्वार डाक कांवड यात्रा के लिए 25 लोगों का संघ रवाना

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के गौपाल भैया मंदिर महंत मोहन दास रामायणी के सान्निध्य में श्रीराम गौ सेवा समिति व भोले के भक्तों की विशाल डाक कांवड यात्रा शुक्रवार को हर की पौड़ी - हरिद्वार के लिए रवाना हुई। इस यात्रा में 25 लोगों का संघ शामिल है, जो भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए गंगा का पवित्र जल लेकर वापस आएंगे। कावड़िये 20 जुलाई को हरिद्वार से गंगा का पवित्र जल लेकर वापस प्रस्थान करेंगे और 23 जुलाई को भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करवाया जाएगा। प्रदिप टीलावत ने बताया कि 8 वर्षों से निरन्तर डाक कांवड लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कावड लाने का उद्देश्य क्षेत्र के सुख समृद्धि और अच्छी बरसात की कामना है। डाक कांवड यात्रा में नितेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, गिरिराज कुमावत, संजू प्रजापत, सोमदत्त शर्मा समेत 25 लोगों का संघ शामिल है। यात्रा के दौरान कावड़िये भगवान शिव की भक्ति में लीन रहेंगे और उनकी जयकारे लगाते हुए हरिद्वार से जल लेकर वापस आएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य न केवल भगवान शिव की भक्ति करना है, बल्कि क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि और अच्छी बरसात की कामना भी है।

## जयपुर विद्युत वितरण विभाग में लाइनमैन एवं हेल्पर नियुक्ति के आवेदन की अन्तिम तिथि कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम प्राइवेट लिमिटेड में कार्य करने के लिए लाइनमैन एवं हेल्पर की नियुक्ति के पद के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। विभाग के एफआरटी अध्यक्ष जितेंद्रकुमार बैरवा ने बताया कि जयपुर विद्युत वितरण निगम प्राइवेट लिमिटेड के अधीन कंपनी में लाइनमैन एवं हेल्पर की नियुक्तियों की जा रही है जिसके लिए 20 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए कक्षा दसवीं पास एवं आईटीआई में होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा टोंक, निवाई, पीपलू, डिग्गी, मालपुरा, उनियारा, दुनी एवं देवली क्षेत्र के लिए लाइनमैन एवं हेल्पर नियुक्ति के लिए 20 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

# जन सुनवाई में 54 प्रकरणों पर तत्काल संज्ञान, कलेक्टर ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

### विधायक शंकर सिंह रावत और वीरेंद्र सिंह कानावत ने सुनी जनसमस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक में आमजन की 54 शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से कई मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने की। बैठक में मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत व ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जहरीली गैस रिसाव पीड़ित को सरकारी सहायता नहीं मिलने के गंभीर प्रकरण पर विधायक रावत ने केस पुन: सरकार को भिजवाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर मीना ने तुरंत निर्देश जारी किए। इसी प्रकार सांप काटने से मृतक के बीमा मुआवजे में देरी पर भी उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह पात्र प्रकरण है और मुआवजा अविलंब मिलना चाहिए, विधायक महोदय ने उपस्थित बैंक बीमा प्रतिनिधि से स्वयं चर्चा कर



परिवादी को आश्वासन दिया। मसूदा विधायक कानावत ने मसूदा क्षेत्र से आए मामलों को प्रमुखता से उठाया, जिनमें अतिक्रमण, नाले की निकासी, पेयजल संकट, जैसे मुद्दों पर अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान वंचित पीएम आवास योजना लाभ, भूमि आवंटन, मंदिर बाउंड्री विवाद और स्पीड ब्रेकर, सीमेंट फैक्ट्री कर्मी की बर्खास्तगी, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, खसरा नंबर की त्रुटियां, सिलिकोसिस पीड़ित की सहायता की गुहार, पाइपलाइन लीकेज व अवैध शराब बिक्री जैसे संवेदनशील मामलों पर भी प्रशासन ने गंभीरता दिखाई। कलेक्टर मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी फील्ड अधिकारी जांच के दौरान परिवादी से मिले बिना रिपोर्ट न बनाए। यदि किसी और व्यक्ति से कथन लेकर खानापूर्ति की गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कई मामलों में विभागीय व पुलिस अधिकारियों को मौके पर ही फोन कर जरूरी निर्देश दिए बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, एसीईओ गोपाललाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मीना ने चेतावनी दी कि आमजन की समस्याओं की अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

## यूरिया खाद की किल्लत : प्रागपुरा में किसानों की लगी भीड : प्रागपुरा की आबादी करीब 25 हजार, यूरिया खाद कट्टे 900, एक घंटे में गाड़ी हुई खाली

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यालय पर शुक्रवार को यूरिया खाद की गाड़ी आई, तो किसानों की लंबी लाइन लग गई। क्षेत्र में बारिश होते ही यूरिया की मांग बढ़ गई है, जिसकी वजह से किसान घरेलू कामकाज भी छोड़कर सुबह से खाद बिक्री केंद्र पर पहुंचने शुरू हो जाते हैं। इनमें महिला किसान भी शामिल हैं, जो घर का कार्य छोड़कर यूरिया के लिए लाइनों में लगने को मजबूर हैं। अकेले प्रागपुरा की आबादी करीब 25 हजार है और आसपास के क्षेत्र के लोग भी यहां खाद लेने पहुंच रहे हैं। जिसके चलते अभी और भी ज्यादा यूरिया खाद की कमी है। वर्तमान में खेतों में उग रही बाजरे की फसल के लिए किसानों को खाद की जरूरत है, लेकिन यूरिया की कई दिनों से किल्लत चल रही है। प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे



यूरिया खाद की एक गाड़ी आई, जिसमें 900 यूरिया खाद के कट्टे थे। उन्होंने बताया कि प्रागपुरा सहकारी समिति में इस खरीफ सीजन में 7000 कट्टे डीएपी बाजरा बुवाई के लिए व इसी खरीफ फसल के लिए यूरिया खाद के अभी तक 19500 कट्टे उपलब्ध करवाये गये हैं। उपेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि किसान हित में समिति द्वारा अधिकारियों से सम्पर्क कर क्षेत्रवासियों की आपूर्ति के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूरिया खाद सरकारी दर 266.50 पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। मुख्य कार्यकारी कैलाश चंद स्वामी ने बताया कि खाद केंद्र पर खाद की सीमित उपलब्धता और किसानों की अधिक भीड़ के कारण एक आधार कार्ड से केवल दो बैग यूरिया के दिए गए। जिस कारण उन किसानों को सबसे अधिक समस्या का सामना करना पड़ा, जिन्हें दो से अधिक यूरिया बैग की आवश्यकता थी। किसानों ने बताया कि यूरिया खाद की कमी के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। वे सुबह से लाइनों में लगकर खाद लेने के लिए आते हैं, लेकिन कई बार उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। उपेन्द्र सिंह शेखावत ने किसानों की समस्याओं को समझते हुए कहा कि वे अधिकारियों से बात कर खाद की उपलब्धता बढ़ाने का प्रयास करेंगे, ताकि किसानों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि समिति का प्रयास है कि किसानों को समय पर खाद मिले और उनकी फसल अच्छी हो।

## 3000 बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग करायेगा रोटरी क्लब मेवाड़



### रोटरी क्लब मेवाड़ का पदस्थापना समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मेवाड़ का वर्ष 2025-26 का पदस्थापना समारोह उमरड़ा स्थित एसेन्शिया रिसोर्ट में आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथ रोटरी प्रान्तपाल प्रज्ञा मेहता,विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रान्तपान निर्मल सिंघवी एवं प्रान्तपाल मनोनीत दीपक सुखाड़िया थे। इस अवसर पर प्रान्तपाल रोटे.प्रज्ञा मेहता ने नव निर्वाचित अध्यक्ष मनीष गन्ना एवं सचिव मुकेश शर्मा को तथा निर्मल सिंघवी ने नव निर्वाचित बोर्ड के सदस्य राजीव जैन, दिनमय चौधरी, मकेश गुरानी, संरक्षक हंसराज चौधरी, अनिल मेहता, पवन कोठारी, डॉ. अरूण बापना, संदीप सिंघटवाड़िया, कपूर सी.जैन, आशीष हरकावत, निवर्तमान अध्यक्ष स्नेहदीप भाणावत, सुरेश जैन, योगेश पगारिया, आनन्द भुतालिया, मनीष कलिका, सुनीत ओरडिया को शपथ दिलायी। इस अवसर पर प्रज्ञा मेहता ने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान निकालने के लिये दो पक्षों के बीच बातचीत में निरन्तरता रहनी आवश्यक है। रोटरी सदस्य बनने के बाद उसमें लीडरशीप क्वालिटी बेहतर होती है। निर्मल सिंघवी ने कहा कि जो संगठन समय पर सेवा नहीं देगा वह सेवा में प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पीछे रह जायेगा। रोटरी निराशा को आशा में बदलने का कार्य करती है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नव निर्वाचित अध्यक्ष मनीष गन्ना ने कहा कि इस वर्ष रोटरी क्लब मेवाड़ अपना पूरा फोकस शिक्षा पर करेगा। शहर के श्रेष्ठ शिक्षकों से 3000 निर्धन छात्रों को नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध करायेगा। इसके अलावा 500 बच्चों को इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स की आधी फीस वहन करेगा। इसके अलावा 15 निर्धन बच्चों को गोद लेकर उनकी शिक्षा का भार वहन करेगा। वर्ष भर में 10 रक्तदान शिविर के माध्यम से 2000 रक्त यूनिट एकत्रित कर थेलिसिमिया रोगियों की सहायता करनें का प्रयास करेगा। महाराणा भूपाल सार्वजनिक चिकित्सा में विभिन्न उपरकण प्रदान करेगा। बालिकाओं के लिये आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एवं शहर के एक चौराहा गोद लेकर उसका सर्वांगिण विकास करेगा। कार्यक्रम में दीपक सुखाड़िया ने क्लब में शामिल हुए 5 नये सदस्यों अनुपम लुहाड़िया,रोहित भाणावत,डॉ.नरेन्द्र राठौड़, राजेश जैन एवं अमित कोठारी को शपथ दिलायी। समारोह में प्रख्यात अन्तर्राष्ट्रीय कवि राव अजात शत्रु ने कविता पाठ कर सभी का मनोरंजन किया। इस मौके पर संरक्षक हंसराज चौधरी ने क्लब की विगत 23 वर्षो की सेवा यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि क्लब ने इस दौरान जो भी स्थायी प्रोजेक्ट प्रारम्भ किये वे आज भी जारी है। प्रारम्भ्ज्ञ में स्नेहदीप भाणावत ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में सचिव मुकेश शर्मा ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन योगेश पगारिया ने किया। समारोह में कलड़वास औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष गिरीश शर्मा, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष राजेन्द्र सुराणा,हेमन्त जैन सहित विभिन्न रोटरी क्लबों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## कृषि उपज मंडी समिति के तीन दिवसीय स्थापना दिवस का समारोह पूर्वक हुआ शुभारम्भ

### व्यापार मंडल के पदाधिकारी 5 रनों से रहे विजेता,

### द्वितीय प्रतियोगिता में मंडी प्रशासन रहा विजेता

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि उपज मंडी समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को मंडी के स्थापना दिवस को लेकर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया, मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी, पल्लेदार यूनियन अध्यक्ष दुर्गालाल बैरवा व मुनीम संघ अध्यक्ष सीताराम स्वामी द्वारा धजारोहण करके किया गया। स्थापना दिवस के शुभारम्भ पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ व्यापारी ओमप्रकाश चंवरिया ने बॉल के शॉट लगाकर किया। व्यापारी ओमप्रकाश चंवरिया ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभागियों का मनोबल बढता है। उन्होंने सभी व्यापारियों, पल्लेदरों, मुनीम संघ एवं मंडी प्रशासन को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। मंडी सचिव डॉ. कमलकिशोर सोनी ने बताया कि उद्घाटन मैच व्यापार मंडल एवं मंडी प्रशासन के मध्य हुआ जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले बल्लेबाजी करते हुए मंडी प्रशासन ने 15 ओवर में 196 रन बनाए व प्रतिद्वंदी मंडी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने 201 रन बनाकर 3 रनों से मैच जीत लिया। इसी प्रकार द्वितीय क्रिकेट प्रतियोगिता पल्लेदार यूनियन व सी व एफ ब्लॉक के व्यापारियों के मध्य हुआ जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारी विजेता रहे। तृतीय मैच बी ब्लॉक के व्यापारी व फल सब्जी मंडी व्यापारियों के मध्य हुआ। जिसमें बी ब्लॉक के व्यापारी विजेता रहे। इसी प्रकार चौथा मैच मुनीम संघ व खाद बीज व्यापारियों के मध्य हुआ जिसमें मुनीम संघ विजेता रहे। उन्होंने बताया कि मातृशक्ति को देखते हुए मंडी प्रशासन से संजना सोनी को कप्तान घोषित किया गया। मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी ने बताया कि मंडी के स्थापना दिवस को लेकर क्रिकेट, कबड्डी, म्यूजिकल चेयर, शतरंज, वॉलीबॉल सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कुलदीप पाराशर न`बताया कि स्थापना दिवस पर कृषक उपहार लॉटरी निकाली गइ।

## एमईएआई उदयपुर चेप्टर को राष्ट्रीय स्तर पर मिले अनेक अवार्ड

### दूसरी बार बैस्ट चैप्टर अवार्ड एवं पहली बार बैस्ट स्टुडेन्ट चैप्टर अवार्ड मिला

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन आँफ इडियां (एमईएआई) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की 52वीं साधारण वार्षिक सभा का आयेजन आज भुवनेश्वर चैप्टर (उड़ीसा) के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर कल राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा हैं। प्रति वर्ष की भांति एमईएआई के विभिन्न चैप्टर एवं सदस्यों को राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा वर्ष 2024-2025 में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरूस्कृत एवं सम्मानित किया गया। समारोह में माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन आँफ इडियां, राजस्थान चैप्टर, उदयपुर को उत्कृष्ट कार्यो व समग्र प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा दो राष्ट्रीय पुरूस्कार बैस्ट चैप्टर अवार्ड-2024 एवं बैस्ट स्टुडेन्ट चैप्टर अवार्ड-2024 से पुरूस्कृत किया गया। बैस्ट चैप्टर अवाड, 'उदयपुर चैप्टर को लगातार दुसरी बार मिला है। इससे पूर्व भी पांच (5) बार वर्ष 2010-11, 2013-14, 2017-18, 2018-19 और 2022-23 में बैस्ट चैप्टर अवार्ड से पुरूस्कृत किया गया है। एमईएआई-उदयपुर केएच वी पालीवाल, सेवानिवृत पूर्व निदेशक (खनन परिचालन) हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड को खनिज एवं खनन उद्योग में महत्वपूर्ण, उल्लेखनीय और पर्याप्त योगदान के लिए लाइफ टाईम अचीवमेंट पुरूस्कार प्रदान किया गया। यह एसोसिएशन (एमईएआई) का सर्वोच्च पुरस्कार है। यह अवार्ड लगातार तीसरे साल उदयपुर चैप्टर को मिला पूर्व में भी इस अवार्ड से श्री अरूण कुमार कोठारी एवं डॉ एस एस राठौड़ को पुरूस्कृत किया गया था। प्रवीण शर्मा, अध्यक्ष, एमईएआई-उदयपुर, आसिफ एम अंसारी, सचिव एमईएआई-उदयपुर, डॉं. एस के वशिष्ट, राष्ट्रीय परीषद सदस्य, एमईएआई एवं डॉं. हितान्शु कौशल, सयुक्त सचिव, एमईएआई-उदयपुर को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सर्विस एक्सीलेन्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। सचिव आसिफ एम अंसारी को यह




अवार्ड लगातार तीसरे साल मिला है। इसके साथ ही आसिफ एम अंसारी, सचिव एमईएआई-उदयपुर को एमईएआई-लाइफ इंस्टीट्यूशनल मेंबरशिप डेवलपमेंट अवार्ड-2024 एवं डॉं. एस के वशिष्ट, राष्ट्रीय परीषद सदस्य को एमईएआई-लाइफ मेंबरशिप डेवलपमेंट अवार्ड-2024 से भी सम्मानित किया गया। एमईएआई-नेशनल क्विज विनर-2024 के विजेता आसिफ एम अंसारी, सचिव,एमईएआई-उदयपुर एवं डॉं. हितान्शु कौशल, सयुक्तसचिव, एमईएआई-उदयपुर को पुरूष्कृत किया गया एवं एमईएआई-नेशनल क्विज-2024 ओडियंस राउंड (टॉप 10) में रहे श्री आसिफ एम अंसारी, सचिव एमईएआई- उदयपुर, डॉं. हितान्शु कौशल, सयुक्त सचिव, एमईएआई-उदयपुर एवं श्री ए एस सिद्दीकी, माइनिंग इंजीनियर चितौड़गढ एवं सदस्य एमईएआई उदयपुर को सम्मानित किया गया। उपरोक्त सम्मान राष्ट्रीय अध्यक्ष, एमईएआई द्वारा प्रदान किये गये। एमईएआई बेस्ट स्टुडेन्ट अवार्ड-2024 के लिए फाईनल ईयर, सीटीएई कॉलेज के स्टुडेन्ट चैप्टर के सदस्य श्री सौरभ कुमावत एवं सुश्री मुस्कान सोलंकी को नामांकित किया गया।

# सीसीटीवी में चेहरा साफ, फिर भी 6 दिन से फरार एक्टिवा चोर

## करणी विहार थाना इलाके में चोरी, पीड़िता ने जताई नाराज़गी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** करणी विहार थाना क्षेत्र में 6 दिन पहले घर के बाहर से चोरी हुई एक्टिवा स्कूटी का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। हैरानी की बात यह है कि चोर का चेहरा सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट तौर पर नजर आ रहा है, बावजूद इसके पुलिस अभी तक आरोपी को पकड़ नहीं सकी है।पीड़िता मिनाक्षी दवे ने बताया कि 10 जुलाई को सुबह करीब 11=15 बजे उनकी एक्टिवा स्कूटी हस्तिनापुर कॉलोनी स्थित घर के बाहर से चोरी हो गई थी। घटना के कुछ ही देर बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर चोर की तस्वीर मिल गई, जिसमें वह एक्टिवा को ले जाते हुए साफ नजर आ रहा है।हालांकि, शिकायत दर्ज होने और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। पीड़िता और मोहल्लेवालों ने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराज़गी है। उनका कहना है कि जब सीसीटीवी में चोर की पहचान साफ है तो फिर पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कर रही?करणी विहार थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# संविधान दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

## कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने लहराया परचम, प्रतियोगिता में छात्रा मुस्कान, अरिन व छवि रही क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में जिले में सभी महाविद्यालयों को पछाड़ कर राजकीय पाना देवी कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं। छात्राओं का प्राचार्य प्रो. आर.पी. गुर्जर एवं स्टॉफ द्वारा सम्मान किया गया। इन छात्राओं को जिला कलक्टर द्वारा सम्मानित किया जायेगा। प्राचार्य ने बताया कि संविधान दिवस पर यह निबंध प्रतियोगिता राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। जिला स्तर पर विजेता छात्राओं को अब राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में भागीदारी के लिये भेजा जायेगा। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. जगराम गुर्जर ने बताया कि संविधान दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का विषय बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों की वर्तमान में प्रासंगिकता था। इस विषय पर निबंध लेखन में प्रथम स्थान छात्रा मुस्कान पुत्री महेश कुमार सैनी, द्वितीय स्थान अरिन पुत्री जावेद कुरैशी व तृतीय स्थान छवि पुत्री कृष्ण कुमार धानका ने प्राप्त किया हैं। तीनों छात्रायें कला वर्ग की स्नातक प्रथम वर्ष की हैं। छात्राओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये तैयारी करवाई जा रही है। इस दौरान प्रो. भावना चौधरी, प्रो. विषम्भर दयाल, प्रो. कमलेश यादव, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. विमल यादव सहित स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

# सेवा भारती समिति द्वारा 20 जुलाई को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** सेवा भारती समिति द्वारा 7वां प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 20 जुलाई (रविवार) को बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर, कोटपूतली के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय राजकीय विद्यालयों के कक्षा 10वीं व 12वीं में सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।समिति द्वारा विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को भी आमंत्रित कर सम्मान पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किए जाएंगे, जिससे शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी घटकों को प्रोत्साहन मिले।इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं सेवा भारती समिति में प्रांत शिक्षा आयाम प्रमुख मोहन लाल शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन देंगे।सेवा भारती समिति कोटपूतली क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन व सामाजिक सेवा से संबंधित अनेक गतिविधियाँ संचालित कर रही है। इनमें निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण, शैक्षणिक सहायता, नैतिक शिक्षा, योग शिविर, रक्तदान, नारी सशक्तिकरण, विवाह सम्मेलन और बाल संस्कार केंद्र जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं। प्रतिभा सम्मान समारोह भी समिति की नियमित प्रेरणात्मक गतिविधियों में शामिल है,जिसका उद्देश्य मेधावीविद्यार्थियों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले अभिभावकों व शिक्षकों का सम्मान करना है।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया विद्याधर नगर क्षेत्र का दौरा

## जेडीए एवं निगम के अधिकारियो को दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा शुक्रवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के अंबाबाड़ी क्षेत्र में स्थानीय जनता के साथ मिलकर स्वच्छता, कचरा निस्तारण और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जेडीए एवं निगम के अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उप मुख्यमंत्री द्वारा जेडीए सचिव निशांत जैन, जेडीए एवं निगम के अधिकारियों के साथ विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में अंबाबाडी स्थित जेडीए की जस्टिस दौलतमल भण्डारी स्कीम से लगती हुई सडक का दौरा किया। उन्होंने अंबाबाड़ी नाले में फैली जलकुंभी और गंदगी को तत्काल हटाने, वहां स्थायी स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नाले के आसपास आवागमन को सुविधाजनक बनाने हेतु एक विकसित वैकल्पिक मार्ग की योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने अंबाबाडी पुलिया से अंबाबाडी सब्जी मंडी तक दौरा करते हुए सडक पर फैले हुए मलबे/कचरे के प्रबंधन एवं साफ-सफाई के लिए निगम अधिकारियों को निर्देश दिये।

उप मुख्यमंत्री द्वारा जेडीए के जोन उपायुक्त - 2 को जेडीए की जस्टिस दौलतमल भण्डारी स्कीम में हो रहे अतिक्रमण की रोकथाम करने हेतु निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सडक सुदृढीकरण एवं मरम्मतीकरण के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधा संपन्न बनाया जा सके। जनता का सहयोग और सुझाव ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

जेडीए सचिव निशांत जैन द्वारा मौके पर माननीय उप मुख्यमंत्री महोदया द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने हेतु जेडीए के संबंधित अधिकारियों को कहा गया।

उल्लेखनीय है कि जेडीए की प्राथमिकता शहरवासियों को बेहतर सड़कें उपलब्ध कराना है। पेच रिपेयर कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। जेडीए के विभिन्न जोनों के अधिशासी अभियंताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जीएसबी, डब्ल्यूबीएम, मिट्टी के कट्टों के साथ-साथ कोल्ड मिक्स पद्धति का उपयोग कर पेच रिपेयर कार्य लगातार करवाया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, सीवर लाइन, पीएचईडी बीसलपुर पाइप लाइन, टॉरेंट गैस लाइन और ड्रेनेज की खुदाई के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों पर भी प्राथमिकता से पेच रिपेयर कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत न केवल मुख्य सड़कें, बल्कि वे सड़कें भी शामिल हैं जो वर्षा से अधिक प्रभावित हुई हैं।

# जेडीए द्वारा वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों की त्वरित मरम्मत का कार्य जारी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा हाल ही में जयपुर में हुई भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत हेतु व्यापक पेच रिपेयर अभियान प्रारंभ किया गया है। यह कार्य माननीय नगरीय विकास मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन में किया जा रहा है, जिससे शहरवासियों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।




जयपुर विकास आयुक्त श्रीमती आनंदी ने बताया कि भारी बारिश से प्रभावित प्रमुख सड़कों पर आवागमन में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए, जेडीए ने अपने अभियंताओं को विभिन्न क्षेत्रों में त्वरित पेच रिपेयर कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए हैं। शहर की यातायात व्यवस्था को जल्द सामान्य करने के उद्देश्य से यह कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। जीएसबी, डब्ल्यूबीएम, मिट्टी के कट्टे और कोल्ड मिक्स जैसी विधियों से मरम्मत का कार्य लगातार जारी है। जेडीए शीघ्र ही 'रोड एम्बुलेंस' सुविधा के माध्यम से भी पेच रिपेयर कार्य शुरू करने जा रहा है।

साथ ही, सीवर लाइन, पीएचईडी बीसलपुर पाइप लाइन, टॉरेंट गैस लाइन तथा ड्रेनेज खुदाई से प्रभावित मार्गों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

जेडीए द्वारा गत दिनों अजमेर रोड, नील पदम सरोवर मार्ग, गांधी पथ ईस्ट एवं वेस्ट, चित्रकूट सेक्टर-4, टॉयलर स्कूल के सामने, निवारू रोड, हाथोज लिंक रोड, कालवाड़ रोड, ग्राम नींदड़, 200 फीट सेज रोड, दादी का फाटक, नाड़ी का फाटक, सेक्टर-6 विद्याधर नगर, पत्रकार कॉलोनी इत्यादि स्थानों पर लगातार हो रही वर्षा के दौरान पेच रिपेयर कार्य किये जा रहे हैं।

# तहसील कार्यालय कानूनगो पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भिवाड़ी टीम ने कार्रवाई करते हुए तहसील कार्यालय बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड़ के कानूनगो महेंद्र सिंह मौर्य को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी टीम रेवाड़ी को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके नाम से सन् 2023 में राजस्व ग्राम केहर पुरा में पाँच बिस्वा जमीन क्रय की गई थी। जिसकी रजिस्ट्री 19 जून 2023 को तहसील बानसूर में करवाई गई। उसके द्वारा क्रय की गई जमीन की हल्का पटवारी को रजिस्ट्री देने पर पटवारी द्वारा नामांतरण दर्ज करने की प्रक्रिया की गई। लेकिन सरपंच ग्राम पंचायत बबेरा द्वारा उक्त नामान्तरकरण को यह लिखते हुए खारिज कर दिया कि मौके पर जमीन कब्जे में नहीं है। इसके बाद परिवादी ने उक्त नामान्तरण दर्ज करवाने के लिए एसडीएम कोर्ट बानसूर में अपील के लिए प्रार्थना पत्र जरिये वकील पेश किया गया। एसडीएम कोर्ट द्वारा अपील पर कार्यवाही करते हुये तहसीलदार बानसूर को नामान्तरकरण नियमानुसार दर्ज करने के आदेश दिये गये। आदेश देने के बाद परिवादी तहसील बानसूर में ऑफिस कानूनगो महेन्द्र सिंह मौर्य से मिला और नामान्तरकरण के लिए पूर्ण कार्यवाही में क्रेता विक्रेता के बयान तथा पटवारी की मौका रिपोर्ट करवाकर उनको दे दी गई। जब परिवादी ने कानूनगो महेंद्र सिंह मौर्य से नामान्तरकरण की आगे की कार्यवाही के लिए आदेश चाहा तो उन्होंने टालमटोल कर फिर परिवादी से उसकी माता जी के नाम नामांतरण दर्ज कराने के लिए हल्का पटवारी को आदेश दिलवाने के लिए कानूनगो महेन्द्र सिंह मौर्य ने पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की।

जिस पर एसीबी टीम रेवाड़ी के पुलिस उप अधीक्षक परमेश्वर लाल के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कानूनगो महेन्द्र सिंह मौर्य को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

# बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त प्रतिभाओं का माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत पवाना अहीर के सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2024-25 बोर्ड परीक्षा कक्षा दस व बारहवीं में श्रेष्ठ योग्यता अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

प्रवक्ता रामकरण यादव अवार्डी ने बताया कि गत सत्र में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले निकिता यादव, नीतू यादव, तनु कंवर, आशीष तंवर, जीया यादव, अंकिता यादव, अंशु कुमारी आर्य, तमन्ना कंवर, शकिना यादव को माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते हुए प्रोत्साहन रेली निकालकर उत्साहवर्धन किया गया। पूर्व प्राचार्य महेश चन्द यादव एवं कार्यवाहक प्राचार्य कृष्ण कुमार खजोतिया सहित समस्त विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा प्राप्त कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों का लाभ प्राप्त कर अच्छे मुकाम हासिल करने की तरफ अग्रसर रहने की बात कहते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के मध्य नजर अपने हुनर व कौशल का प्रदर्शन करते हुए एक सभ्य व सुसंस्कृत नागरिक के रूप में राष्ट्र



निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करना न केवल हम सबका नैतिक दायित्व है बल्कि अन्य बालक बालिकाओं को भी प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने में मदद करते रहना चाहिए। वरिष्ठ व्याख्याता सुमन चौहान, व्याख्याता अजय कुमार छींपी, माया यादव वरिष्ठ अध्यापक, मधु यादव वरिष्ठ सहायक, दाताराम यादव वरिष्ठ अध्यापक, सतवीर सिंह यादव वरिष्ठ अध्यापक, शिवपाल सिंह यादव शारीरिक शिक्षक, विकास महरिया, राजेश कुमार मीणा, माडूराम यादव, रतिराम यादव आदि सहित समस्त विद्यालय परिवार द्वारा बालक बालिकाओं को बधाई देते हुए प्रेरणात्मक प्रोत्साहन प्रदान किया गया।

# उपाध्यक्ष मोहम्मद इशहाक नकवी का जयपुर में जोरदार स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान राज्य कोर्फबॉल संघ के उपाध्यक्ष बनने पर मोहम्मद इशहाक नकवी का जयपुर में जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। यह आयोजन स्टैचू सर्किल के पास तारामंडल में महाराज कैफे पर आयोजित किया गया था।राजस्थान राज्य बाल बैडमिंटन संघ के सचिव शौकत मंसूरी के नेतृत्व में संयुक्त सचिव अब्दुल अब्बास, अंकित सिंह नरूका और मोहम्मद जहीर ने माला पहनाकर मोहम्मद इशहाक नकवी का सम्मान किया। इस मौके पर राजस्थान राज्य सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम नकवी ने भी उन्हें सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की।मोहम्मद इशहाक नकवी को उनके नए पद के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। यह आयोजन उनके सम्मान और प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

# अलवर में दलित युवक के अपहरण और अत्याचार पर जमाअत-ए-इस्लामी का हमला कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** अलवर में दलित युवक के साथ अपहरण और क्रूरता की घटना को लेकर प्रदेशभर में रोष है। जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने शुक्रवार को इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल करार दिया है।नाज़िमुद्दीन ने कहा कि पीड़ित युवक को उसके परिचितों ने बहाने से वाहन में बैठाया, फिर अपहरण कर लिया। इसके बाद उसे नंगा करके बेरहमी से पीटा गया और परिवार से 3.5 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। पीड़ित परिवार ने डर के मारे 50 हजार रुपये दे भी दिए, लेकिन इसके बावजूद उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा, यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि समाज के हाशिए पर खड़े तबकों पर हो रहे अत्याचारों का प्रतीक है। दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग आज भी सुरक्षित नहीं हैं। जमाअत ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि दोषियों को सख्त सज़ा दी जाए ताकि ऐसे अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से कानून-व्यवस्था मजबूत करने और सभी वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। हर नागरिक की सुरक्षा सरकार की प्राथमिक ज़िम्मेदारी है, और इसमें चूक अस्वीकार्य है।

# प्रॉपर्टी डीलर का अपहरण, बिजनेस पार्टनर ने ही साथियों के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

## पीछा करने पर रामगढ़ सुनसान जगह पर छोड़ फरार हुए बदमाश

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। आदर्श नगर थाना इलाके में एक प्रॉपर्टी कारोबारी का अपहरण करने का मामला सामने आया है।बताया जा रहा है की पीड़ित अपने दोस्तों के साथ एक रेस्टोरेंट पर बैठा हुआ था। इसी दौरान उसका पूर्व पार्टनर अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और मारपीट करते हुए उसका अपहरण कर ले गया। दोस्तों ने मामले की जानकारी पीड़ित के परिजनों को दी। परिजनों के बाद करने पर आरोपी पक्ष ने 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी कराई लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चला। लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस आरोपी तक पहुंच गई और अपहरणकर्ताओं के चंगुल से प्रॉपर्टी कारोबारी को मुक्त करवाया।

पुलिस के बताए अनुसार सोनू शर्मा निवासी लालसोट जिला दौसा हाल जयपुर में रहकर प्रॉपर्टी का कारोबार करता है और महारानी फार्म दुर्गापुरा में परिवार सहित रहता है। बुधवार शाम सोनू अपने दोस्त हनी के साथ राजा पार्क गली-4 स्थित एक रेस्टोरेंट पर बैठा हुआ था और अपने दोस्तों से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान उसका पूर्व पार्टनर प्रकाश चंद अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा मारपीट करते हुए सोनू को कार में डालकर ले गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने चलती कार में उसके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट करते हुए आरोपी उसे लालसोट स्थित रामगढ़ में सुनसान जगह ले गए,वहां भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट करते हुए 50 लाख रुपए की डिमांड की।

### पुलिस को आता देख आरोपी मौके से फरार

सोनू के अपहरण होने के बाद दोस्त हनी ने मामले की जानकारी सबसे पहले उसके परिवार वालों को दी। जिसके बाद परिजनों ने आदर्श नगर थाने पहुंच पुलिस को इस मामले के बारे में बताया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में नाकाबंदी कराई। लेकिन आरोपियों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस ने सोनू के मोबाइल फोन को ट्रेस कर आरोपियों तक पहुंच गई। लेकिन पुलिस को आरोपी सोनू को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस पीड़ित सोनू को रामगढ़ से जयपुर ले आई। पीड़ित के बयानों के आधार पर पुलिन ने अपहरण को मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

**OFFICE OF THE PRINCIPAL S.M.S.MEDICAL COLLEGE & CONTROLLER OF THAT ATTACHED HOSPITALS, JAIPUR**

No.-F/MC/Procurement/2025-26/3434 Dated:09/07/2025

**Notice Inviting Bid**

Various Equipment"s/Items for Various Departments at SMS Medical College, Jaipur are invited from interested bidders as per schedule in NIT Notice. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajathan.gov.in) of the state,and SMS Medical College, Jaipur department website.

UBN.SMS2526GSOB00183
SMS2526GSOB00195

**DIPR/C/9794/2025** **PRINCIPAL & CONTROLLER**

## सम्पादकीय

# वैश्विक राजनीति का परिदृश्य बदल कर रख सकता है भारत-चीन-रूस का त्रिपक्षीय मंच आरआईसी

हम आपको बता दें कि रूस जहां सैन्य शक्ति, ऊर्जा संसाधन और यूरोपीय-एशियाई भू-राजनीति में प्रमुख खिलाड़ी है वहीं भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, युवा जनसंख्या और इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक ताकत है।चीन ने रूस द्वारा की गई रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय सहयोग को पुनर्जीवित करने की पहल का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि यह कोई नया मंच नहीं है, बल्कि 1990 के दशक के उत्तरार्ध से ही यह इन तीन देशों के बीच संवाद का माध्यम रहा है। हालाँकि, बीते वर्षों में चीन-भारत सीमा विवाद और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते यह मंच निष्क्रिय-सा हो गया था। अब चीन का समर्थन इस ओर इशारा करता है कि विश्व राजनीति में एक नई धुरी बनने की संभावना फिर से उभर रही है।

हम आपको बता दें कि रूस जहां सैन्य शक्ति, ऊर्जा संसाधन और यूरोपीय-एशियाई भू-राजनीति में प्रमुख खिलाड़ी है वहीं भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, युवा जनसंख्या और इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक ताकत है। दूसरी ओर चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और एशिया का आर्थिक इंजन है। यदि ये तीनों देश मिलकर साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ते हैं, तो यह पश्चिम के नेतृत्व वाली मौजूदा विश्व व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं।अगर यह तीनों देश साथ आते हैं तो अमेरिकी वर्चस्व को सीधे-सीधे चुनौती मिलेगी। देखा जाये तो अब तक वैश्विक व्यवस्था अमेरिका और उसके सहयोगियों के प्रभुत्व में रही है। यदि रूस-भारत-चीन साथ आते हैं, तो वे एक मल्टी-पोलर वर्ल्ड यानी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूती देंगे, जिसमें अमेरिका का वर्चस्व कम होगा।

इसके अलावा, ये तीनों देश संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, एससीओ जैसी संस्थाओं में अहम भूमिका निभाते हैं। यदि वे एक सुर में बोलें तो वैश्विक एजेंडा (जलवायु, विकास, आतंकवाद) पश्चिम के हितों के बजाय इन देशों के पक्ष में ढल सकता है। साथ ही यूरोप में रूस-यूक्रेन युद्ध, एशिया में अमेरिका-चीन टकराव और भारत-चीन सीमा विवाद जैसे मुद्दों के बीच यदि ये तीनों मिलकर काम करते हैं, तो वैश्विक ध्रुवीकरण और तेज हो सकता है।तीनों देशों के साथ आने से खुद भारत, रूस और चीन को क्या लाभ होगा, यदि इसका जिक्र करें तो आपको बता दें कि रूस-चीन के साथ अच्छे रिश्तों से भारत सामरिक संतुलन बना सकता है। साथ ही भारत ऊर्जा, रक्षा, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रूस और चीन से नए अवसर पा सकता है। इसके अलावा, इस त्रिकोण से भारत को चीन के साथ स्थायी संवाद करने से सीमा विवाद में तनाव कम करने का मंच मिलेगा।वहीं रूस को होने वाले लाभों को देखें तो पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच उसे एशिया में नए साझेदारों के साथ आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य विकल्प मिलेंगे। साथ ही चीन-भारत दोनों को साथ रखकर रूस अपनी रणनीतिक भूमिका को पुनः मज़बूत कर सकता है।इस गठजोड़ से चीन को होने वाले लाभ को देखें तो इससे अमेरिका के खिलाफ नया संतुलन बनेगा। साथ ही भारत के साथ टकराव को कम करके चीन अपने आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों को सुरक्षित कर सकेगा और रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा के क्षेत्र में उसके गहरे संबंध बनेंगे।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 19 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1545 अंग्रेजी युद्धपोत मैरी रोज सॉलेंट की लड़ाई के दौरान पोर्ट्समाउथ के बाहर डूब गया; यह 1971 तक फिर से खोजा नहीं गया था।
- 1553 लेडी जेन ग्रे को इंग्लैंड की रानी के रूप में मैरी ढ्ढ द्वारा बदल दिया गया था और उस खिताब को सिर्फ नौ दिनों के लिए रोक दिया गया था।
- 1702 ग्रेट नॉर्थ वार-ए संख्यात्मक रूप से बेहतर पोलिश-सेक्सोन सेना के ऑगस्टस ढ्ढढ्ढ द स्ट्रॉन्ग, एक लाभप्रद रक्षात्मक ऑपरेशन से संचालित, स्वीडिश सेना द्वारा अपने स्कोल के युद्ध में आधे आकार से पराजित किया गया था।
- 1702 किंग चार्ल्स के नेतृत्व में स्वीडन की सेना ने चेक गणराज्य के क्रेकोव शहर पर कब्जा किया।
- 1702 राजा चार्ल्स बारहवीं ने स्वीडिश सैनिकों पर कब्जा किया।
- 1843 एसएस ग्रेट ब्रिटेन , ब्रिस्टल, ब्रिटेन से शुरू किया गया एक लोहे का पतवार और एक पेंच प्रोपेलर दोनों महासागर का पहला जहाज थाट।
- 1843 एसएस ग्रेट ब्रिटेन, पहला महासागर-जाने वाला जहाज, जिसमें ब्रिस्टल, यूके से लॉन्च किया गया, दोनों ही आरोन पतवार और एक स्क्रू प्रोपेलर थे।
- 1848 दो दिवसीय महिला अधिकार सम्मेलन, संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित पहला महिला अधिकारवादी नारीवादी सम्मेलन, न्यूयॉर्क के सेनेकाफॉल्स में खोला गया।
- 1860 पहला रेलवे कैनसस तक पहुंचाया गया।
- 1870 फ्रांस ने प्रशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1870 फ्रेंको-प्रशिया युद्ध- फ्रांस ने प्रशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1900 फ्रांस की राजधानी पेरिस में पहली मेट्रो रेल चली थी। दुनिया की पहली मेट्रो सेवा लंदन में शुरू हो चुकी थी।
- 1903 फ्रांसीसी साइकिल चालक मौरिस गारिन ने पहला टूर डी फ्रांस जीता।
- 1908 फेयेनोर्ड रोटरडैम, आज नीदरलैंड में बड़ी तीन%प्रोफेशनलफुटबॉल टीमों में से एक, क्लब विल्हेल्मिना इना पब के रूप में स्थापित किया गया था।
- 1916 प्रथम विश्व युद्ध-ऑस्ट्रेलिया के तहखाने में सबसे खराब 24 घंटे तब हुआ जब ऑस्ट्रेलियाई सेनाओं ने फ्रांसीस ऑफ फ्लेस से युद्ध में जर्मनों पर उनके असफल हमले में भारी नुकसान उठाया।
- 1926 फ्रांस में एडवर्ड हेरियोट के नेतृत्व में दूसरी बार सरकार बनीं।
- 1941 टस्केगी आर्मी एयर फील्ड औपचारिक रूप से खोला गया।
- 1947 बर्मा के राष्ट्रवादी आंग सान और उनके नवगठित मंत्रिमंडल के छह सदस्यों की एक कैबिनेट बैठक के दौरान हत्या कर दी गई थी।
- 1961 पहली बार विमान में फिल्म दिखायी गयी।
- 1963 जॉय वॉकर विमान के जरिये अन्तरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बने।
- 1967 अमेरिका ने चंद्र कक्षा मे प्रवेश करने के लिये 'एक्सप्लोरर-35' लांच किया।
- 1979 निकारगुआ देश की जनता की क्रान्ति सफल हुई।

## विशेष आलेख

# बांग्लादेशियों को अपनी ही सांस्कृतिक विरासत मिटाने से क्या मिलेगा!



रामस्वरूप रावतसरे

**जानकारी के अनुसार सत्यजीत का ये घर असल में उनकी तीन पीढ़ियों से जुड़ा हुआ था। इस घर को सत्यजीत रे के दादा और कवि सुकुमार रे के पिता प्रसिद्ध बाल साहित्यकार उपेंद्र किशोर रे का पैतृक घर है। जर्जर होने के 10 साल पहले तक इस घर को पहले मैमनसिंह शिशु अकादमी के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाता था। सत्यजीत रे विश्व सिनेमा के बड़े फिल्मकारों में से एक रहे हैं। उनकी फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाई। वह फिल्म डायरेक्टर होने के साथ-साथ लेखक, संगीतकार और चित्रकार भी थे।**

भारतीय फिल्ममेकर सत्यजीत रे का बांग्लादेश में स्थित घर गिरा दिया गया है। मैमनसिंह शहर में बने सत्यजीत रे के पैतृक घर को न गिराने की गुजारिश भारत सरकार की ओर से भी की गई थी। भारत की ओर से कहा गया था कि ये एक सांस्कृतिक धरोहर है। इसकी मरम्मत और संरक्षण का बीड़ा भी भारत सरकार ने उठाने की बात कही थी। इसके बावजूद बांग्लादेश की युनुस सरकार नहीं मानी और ऐतिहासिकता की परवाह किए बिना इसे जमींदोज कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सत्यजीत का ये घर असल में उनकी तीन पीढ़ियों से जुड़ा हुआ था। इस घर को सत्यजीत रे के दादा और कवि सुकुमार रे के पिता प्रसिद्ध बाल साहित्यकार उपेंद्र किशोर रे का पैतृक घर है। जर्जर होने के 10 साल पहले तक इस घर को पहले मैमनसिंह शिशु अकादमी के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाता था। सत्यजीत रे विश्व सिनेमा के बड़े फिल्मकारों में से एक रहे हैं। उनकी फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक पहचान दिलाई। वह फिल्म डायरेक्टर होने के साथ-साथ लेखक, संगीतकार और चित्रकार भी थे। उनके दादा उपेंद्र किशोर रे ने लगभग 100 साल पहले ये घर बनवाया था। जो वर्तमान में एक ऐतिहासिक धरोहर था। 1947 में बँटवारे के दौरान यह संपत्ति वर्तमान बांग्लादेश (पहले पूर्वी पाकिस्तान) के अधिकार क्षेत्र में चली गई थी। भारत सरकार ने इस इमारत को बचाने की पेशकश भी की थी, लेकिन बांग्लादेशी प्रशासन ने इसे नजरअंदाज कर दिया।

संस्कृति के विनाश में महज सत्यजीत रे का ही घर नहीं तोड़ा गया बल्कि इस कड़ी में नोबेल पुरस्कार विजेता रबींद्रनाथ टैगोर का भी नाम शामिल है। 8 जून 2025 को रबींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर रबींद्र कचहरी बाड़ी में 50-60 लोगों की भीड़ ने घुसकर तोड़फोड़ की और संग्रहालय, सभागार और संरक्षक कार्यालय को भी नुकसान पहुँचाया था। घटना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आक्रोश पैदा किया।

सत्यजीत रे के घर को गिराए जाने के बाद भारत सरकार में इसे अत्यंत खेदजनक बताया और बांग्लादेश सरकार से पुनर्विचार की अपील भी की। इसके बाद मोहम्मद यूनुस सरकार का कहना है कि अब उस जगह पर नई इमारत बनाई जाएगी ताकि शिशु अकादमी की गतिविधियाँ दोबारा शुरू की जा सकें। पर असल में ये हरकत बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की असंवेदनशीलता और गैर-जिम्मेदाराना हरकत को दिखलाता है। रबींद्रनाथ के घर पर तोड़फोड़ की घटना के बाद भी भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी और इसे सांस्कृतिक स्मृति और सभ्यतागत निरंतरता पर सीधा हमला बताया था। इसके बाद खुद की साख बचाने के दबाव में यूनुस सरकार ने जाँच और गिरफ्तारी की बात कही। रवींद्रनाथ टैगोर और सत्यजीत रे दोनों ही बंगाली साहित्य, कला और विचारधारा को दुनिया के सामने लाने में और मजबूती से खड़ा करने में बेहद अहम भूमिका निभाई है। रबींद्रनाथ ने बांग्लादेश के साथ भारत का राष्ट्रगान भी लिखा। उनकी रचनाएँ बंगाली संस्कृति की आत्मा को साफतौर पर दिखलाती हैं। इन दोनों के घरों के साथ हुई घटनाओं में एक समानता जरूर है और वह है- सरकार की निष्क्रियता और इस्लामीकरण करने वाले कट्टरपंथियों को बढ़ावा देने वाली चुप्पी। मोहम्मद यूनुस खुद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हैं। इसके बावजूद एक दूसरे नोबेल विजेता रबींद्रनाथ टैगोर की निशानी, उनके घर, जिससे न केवल भारत बल्कि बांग्लादेश के भी संस्कृति के बारे में दुनिया को पता चलता है, उसे बचाने में असफल रहे।

सत्यजीत रे के मामले में भी उनसे अपेक्षा थी कि वे सांस्कृतिक सहिष्णुता और विरासत संरक्षण को प्राथमिकता देंगे। लेकिन उनकी सरकार की नीतियाँ और प्रतिक्रियाएँ इस उम्मीद के विपरीत ही रही हैं। यह विडंबना ही है कि एक व्यक्ति, जिसने गरीबी हटाने और सामाजिक न्याय की बात की, उसकी सरकार सांस्कृतिक न्याय और ऐतिहासिक स्मृति की रक्षा में असफल रही।

ऐतिहासिकता को दरकिनार करने के साथ-साथ युनुस सरकार अपनी जड़ों को भी भुलाने के लिए हर विनाशकारी कदम उठाने को तैयार है। अंतरिम सरकार ने बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान को राष्ट्रपिता के दर्जे से भी वंचित कर दिया। साथ ही उनके स्वतंत्रता सेनानी की मान्यता को रद्द किया। मुजीबुर रहमान ने 1971 के मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया, लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बने और एक स्वतंत्र राष्ट्र की नींव रखी। नए अध्यादेशों के तहत उन्हें मुक्ति संग्राम का सहयोगी मात्र घोषित किया गया है, जिससे उनकी ऐतिहासिक भूमिका को गौण कर दिया गया है। इससे पहले यूनुस सरकार ने उनकी तस्वीर को करेंसी नोटों से हटाने और उनसे जुड़े राष्ट्रीय दिवसों को रद्द करने का भी निर्णय लिया था। असल में युनुस का यह निर्णय शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को निशाना बनाने के लिए था। मुजीबुर रहमान की विरासत को मिटाने की कोशिशें बांग्लादेश को उसके इतिहास से काटने की साजिश जैसी लगती हैं, जो अंततः देश की पहचान और आत्मसम्मान को कमजोर करती हैं।

जानकारों के अनुसार यह सब उस समय हो रहा है जब बांग्लादेश को एक स्थिर और समावेशी नेतृत्व की आवश्यकता है। यूनुस, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति और सामाजिक न्याय के प्रतीक माने जाते हैं, उनकी सरकार का यह रवैया सांस्कृतिक और ऐतिहासिक न्याय के खिलाफ है।

# यौन हिंसा पर सख्त कानून के बावजूद आखिर अपराधों में कमी क्यों नहीं आ रही ?



सुनील कुमार महला

**यौन उत्पीडन की इस घटना के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय दल गठित कर दिया है, जो न केवल इसकी जांच करेगा बल्कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए जरूरी सुझाव भी देगा। पुलिस ने इस मामले में महाविद्यालय के प्राचार्य और विभागाध्यक्ष को हिरासत में ले लिया है। बहरहाल, यह बहुत ही दुखद और शर्मनाक है कि, जिस देश में नारी को शक्ति मानकर उसकी पूजा की जाती रही है, उस देश में आए दिन यौन उत्पीड़न, महिलाओं पर अत्याचार,हिंसा, महिलाओं पर अनर्गल और अश्लील टिप्पणियां जैसे अनेक मामले सामने आते हैं।**

हाल ही में ओडिशा के बालेश्वर जिले के एक कॉलेज में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यौन उत्पीड़न से परेशान होकर बी.एड की एक छात्रा ने खुद को आग लगा ली थी और बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से पूरे राज्य में गुस्से और आक्रोश का माहौल है। यौन उत्पीडन की इस घटना के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय दल गठित कर दिया है, जो न केवल इसकी जांच करेगा बल्कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए जरूरी सुझाव भी देगा। पुलिस ने इस मामले में महाविद्यालय के प्राचार्य और विभागाध्यक्ष को हिरासत में ले लिया है। बहरहाल, यह बहुत ही दुखद और शर्मनाक है कि, जिस देश में नारी को शक्ति मानकर उसकी पूजा की जाती रही है, उस देश में आए दिन यौन उत्पीड़न, महिलाओं पर अत्याचार,हिंसा, महिलाओं पर अनर्गल और अश्लील टिप्पणियां जैसे अनेक मामले सामने आते हैं। यह सब दर्शाता है कि देश में महिलाएं आज भी सुरक्षित नहीं हैं।ताज़ा मामला जो सामने आया है उसके अनुसार बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा ने अपने कालेज के विभागाध्यक्ष द्वारा यौन उत्पीड़न से त्रस्त होकर 12 जुलाई 2025 को खुद पर केरोसिन डालकर आत्मदाह कर लिया था। मीडिया में आई खबरों से पता चलता है कि छात्रा कॉलेज के एक प्रोफेसर(शिक्षक) से परेशान थी और उसने कई बार उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने इस संदर्भ में कोई ठोस व पुख्ता कदम नहीं उठाये। जानकारी के अनुसार छात्रा लगभग 95त्न जल चुकी थी और उसे पहले बालेश्वर अस्पताल और फिर एम्स भुवनेश्वर रेफर किया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कॉलेज की आंतरिक शिकायत समिति ने इस मामले की जांच भी की थी। दरअसल , छात्रा ने प्रोफेसर के खिलाफ मानसिक और यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। यह भी जानकारी मिलती है कि प्रोफेसर छोटी-छोटी बातों पर छात्रों को क्लास से बाहर खड़ा कर देते थे।इसी प्रकार से एक बार वह छात्रा भी देर से आने पर क्लास से बाहर खड़ी कर दी गई थी, जिससे वह बहुत ही आहत हुई थी। मीडिया में आई खबरें बतातीं हैं कि प्रोफेसर ने छात्रा को सेमेस्टर परीक्षा देने से भी रोक दिया था और इसके अगले ही दिन छात्रा ने यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया कि प्रोफेसर ने छात्रा से %फेवर% मांगने की बात कही थी। जब छात्रा ने पूछा कि कैसा फेवर, तो प्रोफेसर ने कथित रूप से कहा, %तुम बच्ची नहीं हो, समझ सकती हो मैं क्या चाहता हूं।% इस मामले में आईसीसी (आंतरिक शिकायत समिति) ने संबंधित प्रोफेसर को हटाने की सिफारिश भी की थी, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने समय रहते इस संदर्भ में कोई भी कार्रवाई नहीं की और इसका असर यह हुआ कि पीड़ित छात्रा खुद को असहाय महसूस करने लगी और आखिरकार उसने आत्मदाह जैसा घातक कदम उठा लिया।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



राजेश खन्ना
( बॉलीवुड अभिनेता )

राजेश खन्ना ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत 1966 में फिल्म %आखिरी पतंग से की थी। हालांकि अभिनेता को असली पहचान साल 1969 में आई फिल्म आराधना से मिली थी। इस फिल्म में अभिनेता के रोमांटिक अंदाज ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना का आज ही के दिन यानी की 18 जुलाई को निधन हो गया था। इंडस्ट्री में राजेश खन्ना को प्यार से काका भी कहा जाता था। 60-70 के दशक में राजेश खन्ना का ऐसा जादू चलता था कि उनकी फिल्में देखने के लिए सिनेमाघरों में भीड़ उमड़ पड़ती थी। एक समय पर जब निर्माता-निर्देशक की उनके पास लाइन लगी रहती थी, तो वहीं एक समय ऐसा भी आया था, जब उनको काम मिलना मुश्किल हो गया था। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर राजेश खन्ना के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार

पंजाब के अमृतसर में 29 दिसंबर 1942 को राजेश खन्ना का जन्म हुआ था। उनका असली नाम जतिन खन्ना था। राजेश खन्ना ने अपनी पढ़ाई पुणे और मुंबई से पूरी की थी। वहीं साल 1973 में राजेश खन्ना ने एक्ट्रेस डिंपल कपाड़िया से शादी की थी, जोकि उस समय 16 साल की थीं। राजेश और डिंपल की दो बेटियां ट्विंकल खन्ना और रिंकी खन्ना हैं। इसके अलावा राजेश खन्ना के एक्ट्रेस अंजू महेंद्र के साथ भी रिश्ता चर्चा में रहा था।

फिल्मी करियर

राजेश खन्ना ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत 1966 में फिल्म आखिरी पतंग% से की थी। हालांकि अभिनेता को असली पहचान साल 1969 में आई फिल्म %आराधना% से मिली थी। इस फिल्म में अभिनेता के रोमांटिक अंदाज ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसके बाद राजेश खन्ना को कटी पतंग, आनंद, सफर, बावर्ची और हाथी मेरे साथी जैसी फिल्मों ने सुपरस्टार बना दिया था। साल 1969 से 1971 तक राजेश ने 15 से ज्यादा सुपरहिट फिल्में दी हैं, जोकि एक रिकॉर्ड है। वहीं उनके डायलॉग जैसे बाबा मोशाय और गाने मेरे सपनों की रानी आज भी लोगों की जुबान पर है।

सेट पर देर से आने की आदत

अभिनेता राजेश खन्ना अपनी फिल्मों के लिए जितने फेमस हैं, उतना ही सेट पर देर से आने की आदत के लिए भी जाने जाते थे। एक बार फिल्म आखिरी खत की शूटिंग के समय जोकि उनकी पहली फिल्म थी, उसका समय सुबह 8 बजे तय किया गया था।

## संस्मरण

# भारत की सबसे खूबसूरत महारानी थीं गायत्री देवी

लंदन में 23 मई 1919 को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह जयपुर के राजघराने से ताल्लुक रखती थीं। इनके पिता का नाम राजकुमार जितेंद्र नारायण था, जोकि बंगाल में कूचबिहार के युवराज के छोटे भाई थे। कूंच बिहार के राजा की मृत्यु के बाद जितेंद्र नारायण वहां के राजा बन गए।भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा रही हैं। आज ही के दिन यानी की 23 मई को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह शाही परिवार से ताल्लुक रखती थीं। गायत्री देवी ने शादी के बाद न सिर्फ अपने राज्य को संभाला बल्कि राजनीति में भी अहम योगदान दिया था। उस दौर में महारानी गायत्री देवी की टक्कर इंदिरा गांधी से हुआ करती हैं। माना जाता है कि वह किसी भी मामले में इंदिरा गांधी से कम नहीं थीं। वहीं कुछ लोगों का ऐसा भी मानना है कि इंदिरा गांधी को गायत्री देवी से जलन थीं। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर गायत्री देवी के राजशाही जीवन और राजनीतिक करियर के बारे में...

जन्म और परिवार

लंदन में 23 मई 1919 को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह जयपुर के राजघराने से ताल्लुक रखती थीं। इनके पिता का नाम राजकुमार जितेंद्र नारायण था, जोकि बंगाल में कूचबिहार के युवराज के छोटे भाई थे। कूंच बिहार के राजा की मृत्यु के बाद जितेंद्र नारायण वहां के राजा बन गए। महारानी गायत्री और उनके अन्य भाई-बहन छोटे ही थे, जब उनके पिता का निधन हो गया था। जिसके बाद माता इंदिरा राजे ने राजघराने और बच्चों को संभाला था।

लव लाइफ और शादी

गायत्री देवी प्यार और शादी के मामले में अपनी मां इंदिरा राजे जैसी ही थीं। सिर्फ 12 साल की उम्र में उनको जयपुर के राजा मानसिंह बहादुर से प्यार हो गया। जबकि मानसिंह की पहले से दो शादियां हो चुकी थीं। मानसिंह गायत्री देवी से 9 साल बड़े थे। जब गायत्री देवी 16 साल की हुईं, तो मानसिंह ने उनसे शादी के बारे में पूछा, वहीं गायत्री देवी ने हामी भर दी और समाज के खिलाफ जाकर मानसिंह से शादी कर ली।

राजनीतिक जीवन

मानसिंह बहादुर से शादी के बाद गायत्री सिंह जयपुर की महारानी बन गईं। उनको न तो बंगाली और न ही राजस्थानी भाषा सही से बोलनी आती थी। वह अंग्रेची और फ्रेंच में बात किया करती थीं। उस दौर में गायत्री सिंह को सबसे सुंदर महिला का खिताब मिला था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

### वृष

वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

### मिथुन

मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### कर्क

कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

### सिंह

सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कन्या

कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषतः शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला

तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

### वृश्चिक

वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

### धनु

स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर

मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

### कुंभ

कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन

आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप राजनीति में भी हाथ आजमाने की सोचेंगे। यदि आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई मामला अटका हुआ था, तो वह भी सुलझ सकता है।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई, जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति बैठक



## मुख्य सचिव एवं जिला प्रभारी ने दिए परिवादों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में हुआ। जनसुनवाई के दौरान भूमि रूपांतरण, नाले की सफाई, विद्युत तार दुरुस्तीकरण, सेग्रीगेशन जमाबंदी त्रुटी सही करने, खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान करवाने, सिवायचक भूमि से रास्ता चाहने, अतिक्रमण हटवाने, हाउसिंग बोर्ड में अमृत जल परियोजना की लाईन जुड़वाने, घरेलु/कृषि विद्युत कनेक्शन करवाने, छारोदा में सड़क व नाली निर्माण में अनियमितता करने, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, पट्टा बनवाने, आधार कार्ड में त्रुटी सही करवाने, पीएम आवास का लाभ दिलवाने, रोजगार दिलाने, विद्युत पोल शिफ्ट करवाने, अवैध नल कनेक्शन हटवाने, स्वच्छता, पेयजल कनेक्शन सहित करीब 100 प्रकरण प्राप्त हुए। सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण पारदर्शी, संवेदनशील एवं जनभावनाओं के अनुरूप करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा भी की गई। जिला कलक्टर ने विशेष रूप से अतिक्रमण हटाने एवं रास्तों को खोलने से जुड़े प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए सभी उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों, नगर परिषद आयुक्तों को निर्देश दिए कि वे पटवारियों तथा अधीनस्थों से मौके की रिपोर्ट लेकर स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। इसके लिए पुलिस बल की सहायता उपलब्ध करवाने तथा निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर में जनसुनवाई की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संपर्क 2.0 पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि छह माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे, जबकि सभी उपखंड अधिकारी गण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक से जुड़े।


# देवधाम जोधपुरिया में धर्म पर राजनीति भारी

# गुर्जर समाज की आमसभा से पहले चले लात-घूंसे, बाद में वही बैठक सोशल मीडिया पर हुई पवित्र

### ट्रस्ट अध्यक्ष फूलचंद की दोहरी चाल कल तक साजिश, आज खुद ही वाहवाही

### देवधाम जोधपुरिया में गुर्जर समाज की आमसभा से पहले हुआ विवाद

### कुर्सी बचाने की राजनीति ने देवस्थान की गरिमा को किया कलंकित



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजस्थान के प्रसिद्ध देवधाम जोधपुरिया स्थित भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में गुर्जर समाज की प्रस्तावित आमसभा शुरू होने से पहले जो दृश्य सामने आया उसने पूरे प्रदेश के धार्मिक व सामाजिक सोच रखने वाले लोगों को झकझोर दिया। समाज की एकता और परंपरा के इस पवित्र स्थल पर सुबह-सुबह जमकर लात-घूंसे चले, जिससे देवस्थान की गरिमा को गहरा आघात पहुंचा। विवाद उस समय गहराया जब मंदिर ट्रस्ट कार्यालय पर ताले जड़ दिए गए और आमसभा को असामाजिक तत्वों की साजिश बताकर ट्रस्ट ने कोई सुविधा देने से मना कर दिया। समाज के लोगों ने अपनी व्यवस्था खुद संभाली – माइक से लेकर बैठने तक जब आमसभा प्रारंभ हुई तो समाज के पंचों ने मोर्चा संभाला और किसी तरह मामला शांत करवाया।

### मेले के बहाने राजनीति चमकाने की योजना

सूत्रों के मुताबिक, फूलचंद को आमसभा में एक माह का अतिरिक्त कार्यकाल मिला है जिससे वे देवधाम के आगामी मेले का आयोजन कर सकें। यह मेला लाखों लोगों की भागीदारी वाला आयोजन होता है और राजनीतिक मंचन का सुनहरा अवसर बनता है।

### ट्रस्ट चुनाव 3 सितंबर को तय लेकिन साख पर सवाल बरकरार

अब आमसभा में यह तय हुआ है कि आगामी 3 सितंबर 2025 को मेले के बाद मंदिर ट्रस्ट के चुनाव आयोजित होंगे। लेकिन यह सवाल अब भी खड़ा है कि क्या ऐसे व्यक्ति को, जिसने एक धार्मिक स्थल को राजनीतिक मोहरा बना दिया, समाज दोबारा विश्वास देगा? मंदिर ट्रस्ट कार्यालय पर ताले जड़कर बैठक को बाधित किया गया, लात-घूंसे चले, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, ट्रस्ट की ओर से कोई सुविधा नहीं दी गई, समाज ने स्वयं बैठक आयोजित की, ट्रस्ट अध्यक्ष पर चुनाव टालने और कार्यकाल बढ़ाने के आरोप, फूलचंद ने पहले बैठक का विरोध किया, बाद में समर्थन किया वायरल संदेश से ट्रस्ट की मंशा पर सवाल, पुलिस ने समाचार लिखे जाने तक कोई मामला दर्ज नहीं किया था ।


### जनता के विचार-देवधाम की मर्यादा से मत खेलो

लोगों ने इस घटना की तीव्र निंदा की और कहा कि धार्मिक स्थलों पर ऐसी राजनीति अत्यंत निंदनीय है। आमजन ने मांग की है कि मंदिर परिसर में मारपीट करने वालों पर कार्रवाई हो और देवस्थान की गरिमा को बचाया जाए। क्या मंदिर अब भी आस्था का केंद्र है या कुर्सी का युद्धक्षेत्र बन गया है? क्या फूलचंद जैसे लोग 'देवधाम' को 'दलबंदी धाम' में बदल देंगे? समाज अब निर्णय करेगा श्रद्धा बचेगी या सत्ता जीतेगी।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और 'फूलचंद नीति' का पर्दाफाश

सभा से पहले हुई हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके साथ ही एक मोबाइल स्क्रीनशॉट भी वायरल हुआ, जिसमें ट्रस्ट अध्यक्ष फूलचंद लांगड़ी के भतीजे द्वारा अपनी टीम को संसाधन न देने और वक्ताओं को घेरने के निर्देश दिए जाने का दावा किया गया है। वही फूलचंद लांगड़ी जो इस आमसभा को असामाजिक साजिश बता रहे थे, सभा में फैसला उनके पक्ष में आते ही सोशल मीडिया पर उसके समर्थक लिखते नजर आए समाज की आमसभा ने जो निर्णय लिया है, वह स्वीकार है।जनता के बीच यह दोहरेपन का प्रदर्शन अब चर्चा का विषय बन चुका है। समाज के लोग कहते दिखे कल तक जो आमसभा को असामाजिक तत्वों की साजिश बताया,आज जब कुर्सी बची, तो वही सभा हो गई 'जनता का फैसला'।

# रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बढ़ा भालुओं का कुनबा



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** देश के सबसे बड़े रणथंभौर टाइगर रिजर्व में भालुओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। अब यहां आने वाले पर्यटकों को बाघों के साथ ही दुर्लभ जीव भालू का भी दीदार हो रहा है। एक समय रणथंभौर में भालु की प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर थी, लेकिन अब यहां भालुओं की संख्या तकरीबन 160 से अधिक हो गई है। वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ धर्मेंद्र खांडल ने बताया कि भालू जंगल के पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे बीज फैलाने, मृत जानवरों को साफ करने और शिकार के माध्यम से अन्य जानवरों की आबादी को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। भालू फल खाते हैं और उनके मल के माध्यम से बीजों को जंगल में फैलाते हैं। जिससे नए पौधे उगने में मदद मिलती है। भालू मृत जानवरों को खाते हैं, जिससे जंगल साफ रहता है और बीमारियों के प्रसार को रोकने में मदद मिलती है। भालू शिकार करके अन्य जानवरों की आबादी को नियंत्रित करते हैं। जैसे हिरण, जो पौधों को बहुत अधिक खा सकते हैं! उन्होंने बताया कि भालू एक कीस्टोन प्रजाति है, जिसका अर्थ है कि वे जंगल के स्वास्थ्य और संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भालू विभिन्न प्रकार के भोजन खाते हैं। जिससे जंगल में खाद्य श्रृंखला में विविधता बनी रहती है। रणथंभौर का इंडाला आदि वन क्षेत्र इसी वजह से बेहद समृद्ध माना जाता है। क्योंकि यहां भालुओं की संख्या अधिक अधिक रूप में देखने को मिलती है। रणथंभौर में लगभग 160 से भी अधिक भालू हैं, जो बड़े वन क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञ खंडाल का कहना है कि रणथंभौर टाईगर रिजर्व के जोन नंबर 1 से लेकर 10 तक समूचे वन क्षेत्र में भालू का मूवमेंट अब आसानी से देखने को मिल रहा है। रणथंभौर में जहां वर्ष 2014-15 में भालुओं की संख्या मात्र 60 से 70 रह गई थी, वही अब 160 से अधिक हो गई है।

# भाजपा नवगठित जिला कार्यकारिणी का किया अभिनन्दन



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान शुक्रवार को रामेश्वर धाम त्रिवेणी संगम पहुंच चतुर्भुज नाथ के दर्शन किए व भगवान शंकर का जलाभिषेक किया 7 जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि रामेश्वर धाम जाते समय हम्मीर सर्किल सवाई माधोपुर पर सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल एवं जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर का भव्य स्वागत किया गया, इसके बाद छान, बहरावंडा खुर्द व कई स्थानों पर स्वागत किया गया । खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने पर्यटन विभाग के अधिकारी गण व कार्यकर्ताओं के मध्य संवाद के माध्यम से रामेश्वर धाम में विकास कार्य के सुझाव साझा किए ढ्ढ इस दौरान रामेश्वर धाम में पार्किंग, शौचालय, गार्डन, परशुराम भगवान मूर्ति स्थापना, पर्यटकों के लिए अच्छा गेस्ट हाउस, त्रिवेणी घाट निर्माण, यात्रियों के लिए दंडवत की सुविधा व अन्य कई विकास कार्यों के सुझाव कार्यकर्ताओं द्वारा आए, खंडार विधायक ने बताया कि रामेश्वर धाम के विकास के लिए लगभग 13 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं व रामेश्वर धाम में अच्छा विकास करते हुए कार्यकर्ताओं के सुझावों पर कार्य करने के लिय कहा ढ्ढ इस दौरान सभी कार्यकर्ताओ ने प्रसादी ग्रहण की। इस क्रम में भाजपा की नवगठित जिला कार्यकारिणी का खण्डार विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल तथा भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर द्वारा रामेश्वर घाट पर आयोजित समारोह में अभिनन्दन एवं सत्कार किया गया, कार्यक्रम से पहले विधायक जितेंद्र गोठवाल तथा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के साथ जिला कार्यकारिणी की पूरी टीम ने रामेश्वर घाट स्थित शिवालय में पूजा अर्चना एवं महाभिषेक किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सवाईमाधोपुर जिले के भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# एसडीएम को थप्पड़ मारकर जो मिला वो एमएलए बनकर भी नहीं मिलता

### मां के साथ खाटूश्यामजी दर्शन करने पहुंचे नरेश मीणा



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** एसडीएम को थप्पड़ मारने के मामले में 8 महीने बाद जेल से छूटे नरेश मीणा विगत दिनों अपनी मां के साथ खाटूश्यामजी के दर्शन करने पहुंचे। मीणा ने वहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि एसडीएम को थप्पड़ मारना और समरावता में हिंसातात्कालिक थी! उस समय वहां जो स्थिति बनी, वह दुर्भाग्यपूर्ण थी, लेकिन मुझे थप्पड़ नहीं मारना चाहिए था। मीडिया से बात करते हुए नरेश मीणा ने कहा कि मैं 20-25 साल से राजनीति जीवन में हूं, और उम्मीद करता था कि मुझे बड़ा पद मिले, लेकिन वह नहीं मिल पा रहा था, जिसके बाद मैं निराश हो गया था. इसके बाद मैंने सोचा कि बाबा श्याम के दरबार में धोक लगानी चाहिए।

### कोई शक्ति है जो सब करा रही है

नरेश मीणा ने कहा, घटना से पहले खाटूश्यामजी आया था और मेरा टिकट कट गया। इसके बाद सारे घटनाक्रम हुए। मुझे लगता है कि सब बाबा की कृपा से हो रहा है। शायद मैं विधायक बनकर भी इतना सबकुछ नहीं कर पाता। अब मुझे बाबा के आशीर्वाद से जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिल रहा है। कोई शक्ति है, जो मुझे कह रही है कि मैं ज्यादा से ज्यादा जनता के लिए काम करूं. बाबा ने मेरे लिए और बड़ा सोचा है।

# छात्रों का फूटा आक्रोशः बरसात में रास्ता बना दलदल, स्कूल जाने के लिए सड़क जाम कर जताया विरोध

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छोरिया के विद्यार्थियों का आक्रोश आज तब फूट पड़ा, जब मुख्य सड़क से विद्यालय जाने वाला एकमात्र रास्ता बरसात के पानी से लबालब भर गया और कीचड़ में तब्दील हो गया। इससे तंग आकर छात्र सड़क पर उतर आए और निवाई-जोधपुरिया मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया, जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही, जिसके बाद मौके पर निवाई सदर थाना पुलिस पहुंची और प्रशासनिक स्तर से तहसीलदार नरेश गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। साथ ही गांव के सरपंच द्वारा तत्काल जेसीबी बुलाकर मिट्टी डलवाई गई और भविष्य में पक्की सड़क बनाने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों और छात्रों ने सड़क से जाम हटाया।स्थानीय ग्रामीणों शंकर गुर्जर, सूरज गुर्जर व श्योजीराम ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समाधान नहीं हो सका। बरसात के दिनों में यह रास्ता दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं को फिसलने का डर बना रहता है और कई बार वे स्कूल भी नहीं जा पाते।यह जाम केवल एक सड़क का नहीं, प्रशासन की सुस्त कार्यशैली पर भी एक सवाल है।बरसात के मौसम में नालियों का बहाव रोकना, जल निकासी की व्यवस्था करना और स्कूल जैसे महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंच सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अब देखना होगा कि आश्वासन कब तक धरातल पर उतरता है या फिर अगली बारिश में फिर यही हालात दोहराए जाएंगे।

# मीटिंग में नहीं आने वाले निजी स्कूलों को दिये जायेंगे नोटिस : जिला शिक्षा अधिकारी

### सन शाइन ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निजी स्कूलों की प्रथम बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** शुक्रवार को सन शाइन ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल टोंक में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा टोंक राजेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में निजी स्कूलों प्रथम बैठक आयोजित की गई । बैठक की शुरुआत माँ सरस्वती पूजन से की गई । विद्यालय की और से विद्यालय निदेशक विशाल श्रीवास्तव ने जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चौथमल चौधरी, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृष्ण गोपाल शर्मा, एडीपीसी प्रतिनिधि जितेन्द्र गोधारा निजी विद्यालय के जिला अध्यक्ष शब्बीर नागौरी को ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने निजी विद्यालयों को निर्देश दिए कि सभी विद्यालय विभागीय सूचनाए समय पर उपलब्ध कराए साथ ही कड़े निर्देश दिए कि विद्यालय का संचालन मान्यता स्तर तक करे, डमी विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दे, विद्यालय का स्थान परिवर्तन बिना विभाग की स्वीकृति के नहीं करे, भवन की बेसमेंट में कक्षाओ का संचालन नहीं करे, बाल वाहिनियों का संचालन नियमानुसार करे, प्रशिक्षित अध्यापक ही नियुक्त करे, साथ ही राज्य सरकार द्वारा समय समय पर आदेशों एव निर्देशों का पूर्ण पालन करें । जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले विद्यालयों के प्रति नाराजगी जाहिर की और अनुपस्थित रहे वाले विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिये और साथ ही यह भी अपील की कि भविष्य में विभागीय मीटिंग में सभी की उपस्थित शत प्रतिशत रहने के लिये निर्देशित किया। ए डी ओ चौथमल चौधरी ने कहा कि विभाग निजी स्कूलों के साथ है बस विभागीय नियमों का पालन स्कूल करते रहे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते । एसीबीओ कृष्ण गोपाल शर्मा ने विद्यालय संचालकों से अपील की कि वे विभाग द्वारा मांगी जाने वाली सूचनाएँ तुरंत उपलब्ध करवाये और विभागीय कार्यकर्मों में तत्परता से कार्य करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें अन्यथा विभाग के साथ साथ निजी स्कूल भी परेशान होते है। निजी स्कूलों के जिला अध्यक्ष शब्बीर नागौरी ने विभाग को आश्वस्त किया की सभी निजी स्कूल विभाग का पूर्ण सहयोग करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को पौधे भेट किए और उनकी सार संभाल करने का आग्रह किया और वर्तनमान में चल रहे हरित राजस्थान अभियान में तन मन और धन से सहयोग करने का आग्रह किया ताकि हमारा और हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहे। इस अवसर पर विभाग के हसन अली, आर्यन खंडेलवाल निजी विद्यालय के ब्लॉक अध्यक्ष महावीर यादव, संचालक खालिद एहतेशाम, राजीव पाल, फैसल अली ख़ान, मो यासीन, ख़ुश मोहम्मद गोरी, माल चंद शर्मा, शिवलाल यादव, रामकिशन, हेमंत शर्मा, चौथमल माली, राम सिंह भाटी, माँगी लाल गुर्जर, गोविंद सैनी, चेतन कुमार सोयल, लोकेश कुमार, जावेद नकवी, आदि उपस्थित रहे।

# शहर में चोरी की बड़ी घटना :खिडकी तोड कर लाखों रूपयों की चोरी

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। शहर में बड़ी गश्त के बाद भी चोरी की वारदातें रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरूवार की रात को तिजारा फाटक के पास श्री सत्यनारायण शर्मा जी के मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। ऐसे में चोर लगभग 6 लाख रूपये की नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। सुबह जाग होनें पर सत्यनारायण जी ने अपने दूसरे कमरे में जाकर देखा तो अलमारी खुली हुई थी और सामान अस्त वयस्त पड़ा हुआ था उन्हे समझने में देर ना लगी और पता चला कि चोर घर की अलमारी में रखे लाखों रूपये कैश और कीमती सामान लेकर रफूचक्कर हो गए। सत्यनारायण जी के भतीजे सौरभ शर्मा पूर्व अध्यक्ष कम्पनी बाग विकास समिति ने मौके पर पहुँच तत्काल पुलिस को सूचना दी। ऐसे में शिवाजी पार्क थाना प्रभारी विनोद सामरियां मौके पर पहुँचे और सुराग जुटाए। थानाधिकारी ने इस बाबत टीम गठित कर दी है ऐसे में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और चोरों की सरगर्मी से तलाश जारी है।



# युवा उधोगपति शशांक झालानी के जन्मदिन पर लोगों ने दी दिल से शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जी हां नेताओं के जन्मदिन तो धूम धडाके के साथ मनाए जाते हैं उसका बड़ा कारण ये है कि जो उनके जन्मदिन मनाते हैं उनकी कोई ना कोई फाईल नेताजी के पास सैट रहती है या फिर वो छुटभैया नेता उनकी जय-जयकार करते हैं ताकि नेताजी देख सकें कि किसको कितने नम्बर देने हैं। लेकिन शहर में एक ऐसा युवा है जो सच में लोगों के दिलों में राज करता है। सीबा मसाला उधोग के डायरेक्टर युवा समाजसेवी शशांक झालानी का 38 वां जन्मदिन सच में लोगों की अंर्तमन की शुभकामनाओं के साथ मनाया गया। सरल व सहज जीवन शैली में विश्वास रखने वाले शशांक झालानी सबके दुःख दर्द में खड़े रहते हैं। किसी भी प्रकार की समाजसेवा में अग्रणी शशांक झालानी सच में लोगों की दिलों पर राज करते हैं। कल दो बड़े वाट्सऐप ग्रुप खबर हर पल और माध्यम अपड़ेट्स पर दिन भर अधिकारी व अन्य लोगों की तरफ से शशांक को देने वाली शुभकामनाओं का दौर जारी रहा। शशांक झालानी का कहना है कि यदि हम अच्छे कार्यो को करते हैं तो जीवन सच में बहुत छोटा है, इसलिए हर दिन एक ना एक अच्छा कार्य करूं इसी आशा के साथ जीवन जीना चाहता हूं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे ऊर्जावान युवा के जन्मदिन पर अशेष व असीम मंगलकामनाएं प्रेषित करती है।




# स्काउट से बच्चों में अच्छे संस्कार, सेवा भाव और सामाजिकता का विकास होता है-शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित पीएमश्री श्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ राजगढ़ की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ राजगढ़ के सचिव अनुराग गौड़ ने बताया कि राजगढ़ ब्लॉक के राजकीय व निजी विद्यालयों के स्काउट गाइड का विद्यालयी शिक्षकों का बिगनर्स कोर्स का एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कार्यवाहक प्रधानाचार्य यादराम मीना ने माँ शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर संचालक रामप्रताप शर्मा ने बताया कि स्काउट से बच्चों में अच्छे संस्कार आते हैं। सेवा भाव और सामाजिकता का विकास होता है। प्रधानाचार्य व स्काउट ट्रेनर जगदीश प्रसाद ने बताया कि स्काउट हमेशा सेवा कार्य के लिए तत्पर रहता है। शिविर में 18 सम्भागी उपस्थित रहे। शिविर में दिनेश चंद शर्मा,बनवारी लाल बलाई, अंजना गुप्ता आदि स्काउट ट्रेनर ने प्रशिक्षण के दौरान स्काउट के सामान्य नियमों की जानकारी दी।

# भारत विकास परिषद के 63वें स्थापना दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** भारत विकास परिषद शाखा राजगढ़ द्वारा भारत विकास परिषद के 63 वें स्थापना दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें 30 छायादार फल फुल के वृक्ष खादी भंडार की बगीची पर 20 वृक्ष शमशान घाट पर परिषद सदस्यों द्वारा लगाए गए। इस अवसर पर संरक्षक डॉक्टर के एम गुप्ता, अध्यक्ष पदमा गोयल, कोषाध्यक्ष संगीता विजय, मनोज सैनी, सरोज सैनी, प्रीति विजय, मीना विजय, राजीव जैन, दीपक विजय सहित परिषद सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम पर्यावरण संयोजक लोकेश रावत के देखरेख में संपन्न हुआ।

# बलदेवगढ़ से नारायणी माता की ग्यारहवीं पदयात्रा 21 जुलाई को होगी रवाना

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** पंचायत समिति के नारायणी धाम समीप ग्राम पंचायत बलदेवगढ़ के नरसिंह चौक में 850 वर्षो पुराना भगवान कृष्ण के अवतार नरसिंह का स्थान से नारायणी धाम के लिए सामूहिक ध्वज पदयात्रा 21 जुलाई प्रातः 10 बजे मंत्रोच्चार के साथ ध्वज पताका लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हो कर दोपहर करीब 2 बजे नारायणी धाम पहुंच ध्वज पताका मां नारायणी को समर्पित कर प्रसादी कार्यक्रम होगा। ध्वज पदयात्रा में बलदेवगढ़ कस्बे के कार्यकर्ता शीशपाल शर्मा, धनश्याम शर्मा, उपसरपंच बाबूलाल भाटा, राधेश्याम, हीरालाल शर्मा,नंदकिशोर भाटा, खैराती लाल शर्मा, सुरेश जोशी, हरि नारायण मोदी, मोहनलाल प्रजापत, कल्याण प्रजापत, धारा सिंह, धनश्याम भाटा, विष्णु शर्मा, श्याम लाल सरपंच, बनवारी प्रजापत, पिंटू मीणा, प्रकाश, रामेश्वर, मुंशी आदि कार्यकर्ताओं आयोजन को सफल बनाने के प्रयास में जुटे हुए है।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित, 135 फरियादियों ने दी परिवेदनाए

# जिला कलक्टर ने परिवेदनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

## विगत जनसुनवाई के 99.47 प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण कर अलवर रहा राज्य में द्वितीय स्थान पर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई, जिसमें 135 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः अधिकारी जिला स्तरीय जनसुनवाई, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल व अन्य माध्यम से भी आने वाले प्रकरणों का संवेदनशीलता से सुनकर उनका समयबद्ध रूप में निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से परिवेदनाओं के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति का फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये।



मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर लिया फीडबैक (कलर बोक्स

जनसुनवाई के दौरान वीसी के माध्यम से जुडे मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने विगत जनसुनवाई में आए हुए प्रकरणों के संबंध में जिला कलक्टर से फीडबैक लिया।उन्होंने अलवर जिले में विगत जनसुनवाइयों के 99.47 प्रतिशत प्रकरणों निस्तारण करने की मॉनिटरिंग प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि जिला प्रशासन द्वारा सम्पर्क पोर्टल की हैंडलिंग के संबंध में अधीनस्थ स्टाफ का प्रशिक्षण आयोजित कराया गया तथा साप्ताहिक बैठकों में प्रकरणों के निस्तारण की नियमित समीक्षा कर प्रभावी मॉनिटरिंग की गई। उल्लेखनीय है कि विगत जनसुनवाइयों के 99.47 प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण कर अलवर जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा है।

ये रही प्रमुख परिवेदनाएं

जिला कलक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 135 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व की अतिक्रमण हटाने से संबंधित, पुलिस, नगर निगम, यूआईटी, जिला परिषद, विद्युत, जलदाय आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। जनसुनवाई में शहर के दिल्ली दरवाजा बाहर गंगा मंदिर के पास, स्कीम नं. 4 राजेन्द्र नगर, कटीघाटी स्थित श्रीराम कॉलोनी व शिव कॉलोनी में सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई जिस पर जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण करने के साथ जिले में सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करावे।

इसी प्रकार शहर के बल्लाबोडा कच्ची बस्ती वार्ड नं. 1 में क्षतिग्रस्त सडक दुरूस्त कराने, 200 फुट रोड वार्ड नं. 56 में रोड लाइट लगाने, रोड बनवाने एवं पानी की लाइन ठीक करवाने, मुख्य बाजार रोड नं. 2 मेव बोर्डिंग के पास कचरा पॉइंट को हटवाने व क्षतिग्रस्त सडक दुरूस्त कराने, कटी घाटी के पास राजगढ रोड, वार्ड नं. 33 जयपुर रोड पर वर्षा जल का भराव का निराकरण कराने, कालाकुआं स्थित मोहल्ला सेठ की बावडी में नालों से अतिक्रमण हटवाने की परिवेदना पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का यथाशीघ्र निस्तारण करावे ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होवे। वहीं मालाखेडा के ग्राम कुशलपुरा में चारागाह भूमि (जोहड), लक्ष्मणगढ के ग्राम झालाटाला, मालाखेडा के ग्राम लीली एवं रैणी के ग्राम खिरनी खोहरा, ग्राम उकेरी व ग्राम भूलेरी में आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाने की परिवेदनाएं प्रस्तुत किए जाने पर जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमानुसार कार्रवाई कर प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करावे।

# राज0बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, नया बास ने स्काउट एंड गाइड फेलोशिप भामाशाहो का सम्मान किया वही भामाशाहों ने विद्यालय प्रांगण में 11 पौधे लगाए

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। शुक्रवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, नया बास ने उनके विद्यालय के चहुमुखी विकास करने वाले स्काउट एंड गाइड फेलोशिप सदस्यों का भामाशाहो के रूप में का सम्मान किया। स्काउट एंड गाइड फेलोशिप अलवर जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने बताया कि आज उनके पिताजी स्व॰ प्रोफेसर शादीलाल गुप्ता की प्रथम बरसी के अवसर पर स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। राण्बाण्उण्माण्विण् नया बास की अध्यापिका शशि गुप्ता स्काउट एंड गाइड फेलोशिप अलवर की 15 से अधिक वर्षो से सक्रीय सदस्य है उन्होंने अपने स्कूल की समस्याओ से स्काउट एंड गाइड फेलोशिप सदस्यों को अवगत करवाया जिसके चलते संरक्षक हरीश



कालरा एवं सचिव ताराचन्द अग्रवाल ने प्रयास करके कई भामाशाह तैयार करके चहुमुखी विकास कार्य करवाए। यहाँ तक की स्कूल के पास रहने वाले एफण्सीण्आईण् से रिटायर्ड बाबू सिंह तंवर ने 151000 की राशि से पीने के पानी की प्याऊ का निर्माण, नरेन्द्र भारद्वाज जी ने 21000 की राशी देकर कक्ष की फर्श हेतुए स्कूल की अध्यापिका श्रीमती शीला यादव ;पूर्व प्राचार्यद्ध तथा श्रीमती सुनीता शर्मा ने 51000 -51000 रूपए की राशी देकर टॉयलेट निर्माण कार्य करवाया है। क र्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व स्काउट एंड गाइड फेलोशिप सदस्यों ने पहले बच्चो के साथ ईश वन्दना की तद्पश्चात विद्यालय प्रांगण में 15 पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया जिसमे औषधीय, फलो के, छायादार पेड सम्मलित थे । उसके बाद एक्टिव प्रिंसिपल श्रीमती विमला जैन ने भामाशाह सम्मान कार्यक्रम में सभी भामाशाहो को मोतियों की माला, अंग वस्त्र तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जिसमे हरीश कालरा, ताराचन्द अग्रवाल ,जितेन्द्र गुप्ता, गिरीश गुप्ता, शशि शर्मा, शम्भू शर्मा, राजेश कुमार भट्ट, सुरेन्द्र कुमार सोनी, रामप्रकाश गुप्ता, अशोक आहुजा, मंजू शर्मा, अजय कुमार जैन, सीताराम शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार जैन इंजी0 ओमप्रकाश गुप्ता, सत्यनारायण अग्रवाल, प्रवीण कुमार शर्मा, कैलाश गोयल, सतीश गुप्ता, लोकेश कुमार शर्मा अध्यापक,बाबु सिंह,अरुणा मैडम,शीला यादव पूर्व प्राचार्य,राजेंद्र सैनी,गीतेश्वर यादव, दीप्ती यादव,मधु जैन,बबिता गुप्ता, हरिनारायण सैन, ब्रजलाल शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। मंच संचालन लोकेश कुमार शर्मा ने किया।

# बिना मात्रा को शहर अलवर (पार्ट-9)

भाई लोगों, बिना मात्रा को शहर अलवर का या नवा एपीसोड में तुम्हारों एक बार ओजू से वेलकम है, वैसे तो हमारो अलवर चाहे बिना मात्रा को है लेकिन भाई साब पूरा देश में अलवर को कोई मुकाबलो नाय हां एक बात और बता दूं जोने यहां गाड़ी चला ली वा भाई साब कहीं भी फेल नाय हो सके। खैवें ने सिक्स सैंस यहां तो चार सैंस भी मुश्किल ते हैं लोंगन में पूछो कैसे तो मैं बता रहया हू ध्यान ते समझियों। यहां एक बाईक पर तीन आदमी बैठे पुलिस वाल्या रोके तो बोले कि हैलमेट लगा रख्यो है बस यही तो चाहिए तेकू अब मेरी बाईक मैं तीन बैठाऊ या चार गाड़ी टूटेगी मेरी टूटेगी तेरेकू काई। याके अलावा भाईयों यहां जोने गाड़ी चला ली सच में वा अमेरिका में भी चला लेगो यहां कौनसी गली से कौनसो तीतर उढतो आ जाए पतो ही नाय चले। यहां सिर पडाऊ झौपड़ा दिन्नू डोल्ये कब गाड़ी के आगे आके पड़ जाए पतो ही नाय चले। यहां जनता बड़ी कलाकार है देश चाँद तारा तोडबा की बात करे लेकिन आज भी चौराया पर पुलिस कू देख ठुल्लो खड़ो है ऐसो कंहवे। अब बताओ यहां का लोगन को कहीं मुकाबलों है कि हां सच्ची एक बात तो कहनो भूल गयो यार.. बड़ा कलाकार है यहां का लोग पूरा शहर की एक-एक गली कूचड़ी जाणे। कहां से फटफटी निकालनी है सब जाणे यहां का छोरेट... खैर मोकू काई बाकि की कहानी अगला एपीसोड में।



# मेहताब सिंह चौधरी का नेशनल स्कूल अवार्ड 2025 हेतु चयन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** अलवर जिले के जाने-माने शिक्षाविद एवं पूर्व प्रधानाचार्य मेहताब सिंह चौधरी को नेशनल स्कूल अवार्ड संगठन नई दिल्ली की तरफ से 3 अगस्त 2025 को रेडिशन ब्लू होटल द्वारका नई दिल्ली मे बेस्ट एजुकेटर विद मोस्ट इन्नोवेटिव लर्निंग मैथड राजस्थान राज्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। मेहताब सिंह चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर से 30 जून 2025 को प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत हुए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उनके नवाचारों के लिए इन्हें राष्ट्रीय स्तर का शैक्षिक नवाचार पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है। अलवर जिले के लिए यह गौरव की बात है। इन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकार,वाटर रिचार्ज, खेलकूद एवं गरीब बच्चों की मदद के लिए अनेक नवाचार किए हैं।



# होपवेल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स का सत्रहवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** होपवेल ग्रुप का सत्रहवां स्थापना दिवस शुक्रवार को संस्थान परिसर में अत्यंत उत्साह और सामाजिक सरोकार की भावना के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर प्लांटेशन ड्राइव एवं मेगा ब्लड डोनेशन कैंप जैसे जनहितैषी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना रहा। वहीं ब्लड डोनेशन कैंप में होपवेल ग्रुप के छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस शिविर में 72 यूनिट एकत्रित की गई। इस रक्तदान शिविर के कोऑर्डिनेटर सुरेश सिंह रहे, जो होपवेल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के प्राचार्य भी हैं। उनके साथ उप.प्राचार्य श्री ताराचंद सैनीए योगेश जीए ललित जी तथा समस्त स्टाफ का आयोजन में विशेष सहयोग रहा।




इस पुनीत प्रयास में रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर की टीम डॉ. मधुकर, कुमुद गुप्ता एवं अन्य सदस्योंने अपनी उपस्थिति एवं सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया। रोटरी चैरिटेबल प्रान्यास संस्थान की ओर से सुरेश गुप्ता, दीपकमल अरोड़ा, कुमार आहूजा, ललित कुमार, बी.डी.अग्रवाल, मुकुंद गुप्ता एवं अशोक कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उनका अमूल्य सहयोग रहा। ग्रुप के डायरेक्टर विकास गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर होपवेल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के ट्रस्टीगण श्री रमेशचंद्र अग्रवाल, श्रीमती सुमन अग्रवाल, मिथिलेश गुप्ता, विवेक गुप्ता, पूजा गुप्ता, ज्योति गुप्ता अमन अग्रवाल एवं ऋतिका अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को गौरवान्वित किया।

# लघु उद्योग भारती ब्यावर इकाई की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम मासिक बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान)। लघु उद्योग भारती ब्यावर इकाई की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम मासिक बैठक शुक्रवार दोपहर 4 बजे रीको द्वितीय स्थित लघु उद्योग वाटिका के समीप एक फैक्ट्री प्रांगण में दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपन्न हुई। बैठक का संचालन इकाई सचिव गगन भारद्वाज ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सचिन नाहर ने बताया कि इस वर्ष लघु उद्योग भारती ब्यावर इकाई को 10 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित बैठक में 100 से अधिक सदस्य उपस्थित हुए। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि आगामी एक वर्ष में कम से कम 10 ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिनसे न केवल उद्योगों को बल्कि समाज को भी लाभ मिले।

अध्यक्ष ने वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और लघु उद्योग भारती के बीच हुए एमओयू की जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी स्थानांतरण को लेकर ब्यावर इकाई का प्रतिनिधिमंडल संबंधित अधिकारियों से गहन चर्चा कर चुका है। उन्होंने कहा कि इस विषय में विस्तृत जानकारी के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।



बैठक में रतन ग्रीन सोलर जयपुर से पधारे प्रतिनिधि ने सोलर निवेश की उपयोगिता एवं फायदे समझाए। उन्होंने बताया कि कैसे सोलर पार्क के माध्यम से उद्योगपति अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकते हैं।

अध्यक्ष नाहर ने आगामी अक्टूबर से दिसंबर के बीच एक भव्य निवेश सेमिनार आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिससे उद्योगपतियों की वित्तीय समस्याओं का समाधान निकल सके।

साथ ही, वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी के संयोजकों की घोषणा की गई। महिला इकाई से नंदिता झंवर, सुनीता जैन, रुचिका शर्मा, श्वेता नाहर, शोभंता मेहता तथा मुख्य इकाई से रवि मूंदड़ा, गौरव मूंदड़ा, पीयूष हेड़ा, श्रीकांत बिहानी, आशीष झंवर के नाम घोषित किए गए। सभी नामों का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

जिला प्रभारी दीपक झंवर ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर इकाई द्वारा किए गए वृक्षारोपण कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रीको द्वारा आवंटित भूखंडों पर 6 वाटिकाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जिनकी लोकेशन एवं प्रगति एक चलचित्र के माध्यम से प्रस्तुत की गई। उपाध्यक्ष रमेश भराड़िया ने वाटिकाओं के रख-रखाव हेतु आर्थिक सहयोग की अपील की। आगामी 15 अगस्त को दो वाटिकाओं के लोकार्पण की जानकारी भी साझा की गई।

बैठक के अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से नए सदस्यों को जोड़ने के लिए सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों के अलावा बलवंत रांका, नरेंद्र मेवाड़ा, अनिल शर्मा, विकास गर्ग, विजय ओस्तवाल, अभिषेक सोनी, मनीष जैन, कमलेश मालू, राकेश चौहान, पंकज शर्मा, कपिल कोठारी, संदीप जैन, राजकुमार शर्मा तथा महिला इकाई से उर्मिला गुप्ता, संध्या अग्रवाल, पायल झंवर, प्रगति हेड़ा, संध्या प्रजापति, ज्योति शर्मा, शशि गोयल, मनीषा जैन, पूजा शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### देवस्थान मंत्री ने बटन दबाकर पोर्टल का किया शुभारंभ

# वरिष्ठजन तीर्थयात्रा योजना-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

### 10 अगस्त तक देवस्थान विभाग की पोर्टल पर करना होगा आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/जयपुर।** राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्विती में वरिष्ठजन नागरिक तीर्थयात्री योजना-2025 के लिए देवस्थान विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस ऑनलाइन प्रक्रिया को देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने देवस्थान विभाग की वेबसाइट https:// devasthan. rajasthan.gov.in पर बटन दबाकर पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सचिव देवस्थान और कार्मिक विभाग श्री के के पाठक, उप शासन सचिव श्री आलोक सैनी, सहायक आयुक्त देवस्थान श्री रतनलाल योगी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। देवस्थान मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार इस बार 50 हजार वरिष्ठजनों को एसी ट्रेन व 6 हजार यात्रियों को हवाई जहाज से यात्रा कराई जाएगी। ऑनलाइन आवेदन 10 अगस्त-2025 तक किया जा सकेगा। इसके लिए 60 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक पात्र होंगे। आवेदक को राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक का जन्म एक अप्रेल-1966 से



पूर्व होना चाहिए। इसके अलावा आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे यात्री जिनका चयन विगत वर्षों में हो गया और वे स्वेच्छा से यात्रा पर नहीं गए, उन्हें इस बार शामिल नहीं किया जाएगा।

#### ऐसे कर सकेंगे आवेदन

श्री कुमावत ने बताया कि इच्छुक वरिष्ठजन देवस्थान विभाग की वेबसाइट https://devasthan.rajasthan.gov.in या सीधे edevasthan. rajasthan.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट पर यात्रा से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश भी उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के पश्चात जिला स्तर पर कमेटी द्वारा पात्र लोगों का चयन किया जाएगा। यात्रा के लिए 100 प्रतिशत अतिरिक्त यात्रियों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी। चुने गए पात्र लोगों को यात्रा पर भेजा जाएगा। एक ट्रेन में 800 वरिष्ठ जन यात्रा कर सकेंगे।

#### रेल द्वारा करीब 40 तीर्थस्थलों के दर्शन करेंगे यात्री

देवस्थान मंत्री ने बताया कि इस बार स्वर्ण मंदिर के बाद सिख समुदाय की मांग पर सिख धर्म के कई नए तीर्थ स्थलों को यात्रा में शामिल किया गया है। इनमें महाराष्ट्र के हजूर साहिब (नांदेड़) व पटना साहिब (बिहार) भी हैं। इसके अलावा ट्रेन से कुल 15 रूट तय किए गए हैं, जिन पर वरिष्ठजनों को लगभग 40 तीर्थस्थलों के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। इनमें हरिद्वार, ऋषिकेश-अयोध्या-वाराणसी, सारनाथ, सम्मेदशिखर-पावापुरी, मथुरा, वृंदावन, बरसाना, आगरा, द्वारकापुरी, नागेश्वर, सोमनाथ, तिरूपति, पदमावती, कामख्या-गोवाहाटी, गंगासागर-कोलकाता, जगन्नाथपुरी-कोणार्क, रामेश्वरम-मदुरई, वैष्णोदेवी, अमृतसर-वाघा बार्डर, महाकालेश्वर, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर-घृष्णेश्वर-एलोरा, बिहार शरीफ, पटना साहिब-बिहार व श्री हजूर साहिब नांदेड़-महाराष्ट्र तथा गोवा के मंदिर व अन्य स्थल चर्च आदि शामिल हैं।

#### ट्रेन पर दिखेगी राजस्थानी संस्कृति

श्री कुमावत ने बताया कि ट्रेन पर राजस्थानी संस्कृति नजर आएगी। ट्रेन को खासतौर पर इस तीर्थ यात्रा के लिए डिजाइन किया है। विशेषतौर पर सभी 11 डिब्बों पर राजस्थानी लोक नृत्य, लोक कलाएं, तीज त्यौंहार की झलक नजर आएगी। प्रत्येक डिब्बे पर राजस्थान के अलग-अलग मंदिर, दुर्ग, अन्य पर्यटक स्थल व अभयारण्य को दर्शाया गया है। ट्रेन में डॉक्टर तथा मेडिकल स्टाफ की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा सभी यात्रियों के ठहरने के लिए होटल, ट्रांसपोर्ट व मंदिर दर्शन की सुविधा के साथ साथ यात्रियों के लिए सुबह-शाम के खाने व नाश्ते की व्यवस्था भी देवस्थान विभाग की ओर से उपलब्ध करवाई जाएगी।

## नगर निगम कोटा दक्षिण के कांग्रेसी पार्षदगणों का आमरण अनशन समाप्त

### प्रदेश स्तरीय नेतृत्व के निर्देश पर पहुँचे वरिष्ठ नेता, विधायकों ने खत्म कराया अनशन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** नगर निगम कोटा दक्षिण के कांग्रेस पार्षदों द्वारा लगातार आज बाहरवें दिन भी आंदोलन जारी रखा गया। विगत तीन दिन से भूख हड़ताल पर बैठे पार्षदों ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश के बाद भूख हड़ताल पर बैठे सभी कांग्रेस पार्षदों ने एक राय से जनता की लड़ाई को अब वार्ड स्तर तक ले जाने के आंदोलन को बनाने में सहमति देते हुए आमरण अनशन को समाप्त करने का निर्णय लिया। साथी प्रदेश नेतृत्व एवं कांग्रेस पार्षदों ने इस आंदोलन को अब नया रूप एवं नए तरीके से शहर की जनता के बीच ले जाने की बात कही। उपमहापौर पवन मीणा ने कहा कि अब आंदोलन को कोटा दक्षिण के प्रत्येक वार्ड में ले जाया जाएगा और जनता को भारतीय जनता पार्टी एवं निगम प्रशासन की मनमानी से जनता को रूबरू कराया जाएगा। वित्त समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद देवेश तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एवं निगम प्रशासन आमरण अनशन की समाप्ति को कांग्रेस पार्षदों की कमजोरी ना समझे, यह भूख हड़ताल कांग्रेस पार्षदों के आत्मविश्वास एवं मनोबल को बढ़ाने वाला आंदोलन हुआ है और अब कांग्रेस पार्षद पूरे आत्मविश्वास के साथ जनता की लड़ाई को जनता के बीच ले जाकर लड़ेंगे। महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम ने कहा कि निगम प्रशासन एवं भारतीय जनता पार्टी जिस तरह से मनमानी करते हुए जनता के साथ भेदभाव कर रही है उस भेदभाव को अब महिला कांग्रेस के माध्यम से प्रत्येक वार्ड की हर महिला तक पहुंचाया जाएगा जिससे भारतीय जनता पार्टी की सरकार की इस द्वेषतापूर्ण कार्रवाई को उजागर किया जा सकेगा। धरना स्थल पर कांग्रेस पार्षद कपिल शर्मा, सुमन पेशवानी, शिवांगिनी सोनी, मोनिका विजय, सलिना शेरी, योगेंद्र शर्मा, अनुराग गौतम, धनराज चेची, सोनू भील, प्रफुल्ल पाठक आदि उपस्थित थे। सभी आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेस पार्षदों को प्रदेश नेतृत्व में माला पहनकर एवं जूस पिलाकर अनशन को समाप्त कराया, साथ ही नगर निगम कोटा दक्षिण के समस्त पार्षदों को माला पहनकर उनके इस साहसिक आंदोलन की प्रशंसा की। धरना स्थल पर पूर्व मंत्री एवं विधायक अशोक चांदना, विधायक चेतन जी पटेल, जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, प्रदेश महामंत्री राखी गौतम, प्रदेश सचिव शिवकांत नंदवाना, लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू, देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, प्रदेश प्रभारी देशराज सिंह, बूंदी से पधारे प्रदेश सचिव सत्येश शर्मा एवं युवा नेता गर्वित धारीवाल एवं क्रांति तिवारी रहे।

## "नन्दगांव आवासीय एवं व्यावसायिक योजना" की लॉटरी का विक्रय प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** आमजन को आवासीय व व्यावसायिक भूखण्ड उपलब्ध कराने के लिए कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को बड़गांव में "नन्दगांव आवासीय व व्यावसायिक योजना" की आवेदन पुस्तिका का विक्रय प्रारम्भ किया गया। केडीए अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शेखावत एवं आयुक्त हरफूल यादव ने इस योजना की लॉन्चिंग की। योजना की जानकारी देने के लिए प्रचार वाहन भी रवाना किया गया। केडीए अध्यक्ष एवं आयुक्त ने बताया कि योजना में कुल 58 भूखंडों की लॉटरी प्रस्तावित हैं। उक्त योजना में आवेदन जमा किये जाने की अन्तिम 14 अगस्त निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र पंजाब नेशनल बैंक कोटा की समस्त शाखा तथा राजस्थान के अन्य जिला मुख्यालय पर स्थित नोडल शाखा से एवं केडीए परिसर के काउन्टर से भी प्राप्त एवं जमा किये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना न्यू ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, चम्बल रिवर फ्रन्ट के समीप स्थित है। उक्त योजना में सीवरेज लाईन, पार्क, पेयजल, निर्मित सड़क आदि मूलभूत सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। योजना की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए पीएनबी द्वारा प्रचार वाहन रवाना किया गया है। इस अवसर पर वित्त डॉ. नीतू सिंह, पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ एवं प्राधिकरण के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शंकर बुनकर कांग्रेस के नए नगर अध्यक्ष नियुक्त, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का किया आभार व्यक्त



**रावतभाटा (नि.स.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश के 18 अध्यक्षों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के द्वारा की गई। बेगू विधानसभा के रावतभाटा नगर के लिए शंकर बुनकर को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अपनी नियुक्ति पर शंकर बुनकर ने कहा कि मैं कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। रावतभाटा नगर में कांग्रेस संगठन को ओर मजबूत करने,जन समस्याओं को उठाने और हर तबके वर्ग के लोगों को संगठन से जोड़ने का हर संभव प्रयास करूंगा।

## आधा घंटे की बरसात में निचली बस्तियों में पानी भरा



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे सहित क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर करीब आधा घंटे तक बरसात हुई जिससे निचली बस्तियों में पानी भर गया वही पहली बरसात में ही कस्बे के मध्य बने अंडरपास में पानी भर गया। क्षेत्र में अभी झमाझम बरसात की दरकरार है शुक्रवार दोपहर आधे घंटे की बरसात में कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित अंडरपास में पानी भर गया,पहली बरसात में अंडरपास में पानी भरने से इसकी गुणवत्ता की पोल खुल गई,पानी भरने से वाहन चालकों को परेशानी हुई तथा कीचड़ होने से दो पहिया वाहन चालक फिसल कर चोटिल हो रहे है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले वाणिज्य रेल कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** डीआरएम श्री अनिल कालरा के मार्गदर्शन में ट्रेनों के समयबद्ध संचालन के साथ रेल यात्री सुविधाओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है। जिसके मद्देनजर सीनियर डीसीएम के निर्देशन में वाणिज्य विभाग के सुपरवाईजरों ने उत्कृष्ट कार्य कर रेलवे में राजस्व वृद्धि, पार्सल सामानों का सुरक्षित लोडिग व अनलोडिंग, मानवशक्ति का समुचित उपयोग, टिकट चेकिंग से आर्निग में बढ़ोत्तरी एवं बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर शिकंजा कसना, विशेष रूप से प्रयागराज कुम्भ मेले में चेकिंग स्टाफ की तैनाती कर यात्री व्यवस्था प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका जिम्मेदारी पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के वाणिज्य सुपरवाइजरों ने निभाई जिसकी सराहना तत्कालीन प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा की गई। इस कड़ी में कोटा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने 6 वाणिज्य निरीक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। जिनमे मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक संजय मालिक, चल टिकट निरीक्षक राकेश गोयल, मंडल मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ज्ञान प्रकाश गौतम, मुख्य बुकिंग लिपिक हितेश शर्मा, सहायक मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक रोहित उपाध्याय एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक वैभव शर्मा शामिल रहें। सीनीयर डीसीएम ने उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए इसी लगन व निष्ठां से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## भारतीय किसान संघ ने उप जिला कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

### जलमग्न खेतों में बीज का हुआ खराबा, पटवारी से सर्वे करवाने का की माँग

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** भारतीय किसान संघ ने उप जिला कलेक्टर रामगंजमंडी के जरिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवम् शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कोटा जिला कृषि विपणन प्रमुख प्रहलाद धाकड़ ने बताया है कि रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र में लगातार भारी बरसात से किसानों के खेत जल मग्न हुए हैं जिससे फसलों में नुकसान हुआ है पूर्व में भी बरसात की वजह से किसानों के बुवाई बीज खत्म हो चुके हैं। अनेक किसानों ने दो-तीन बार खेत में बुवाई की है उसके पश्चात अब भारी बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है,क्षेत्र का कृषि पर्यवेक्षक, पटवारी द्वारा तुरंत सर्वे करा कर आकलन किया जाए और किसानों को सहायता प्रदान की जाए। कृषक के स्तर पर दावा करने का प्रावधान फिर से जोड़ा जाये। पूर्व सरकार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 21 जुलाई 2023 से जो प्रावधान हटाया गया। उसे वापस लागू करें जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा अधिसूचना के बिंदु फसलों की क्षति का आकलन निर्धारण भुगतान की प्रतिक्रिया व अन्य कार्रवाई के उप बिंदु 'ग' को विलोपित कर दिया गया है। जिससे खड़ी फसल में ओलावृष्टि भुस्खलन बादल फटना बिजली गिरने प्राकृतिक आग जल भराव जल पलाएन की स्थानीय आपदाओं से अधिक सूचना क्षेत्र की अधिसूची फसल की क्षति की स्थिति में फसल के नुकसान का व्यक्तिगत फसल बीमा कृषक के स्तर पर क्लेम किए जाने का जो प्रावधान था उसे हटा दिया गया है उससे पूर्व 8 जून 2022 को जो जारी प्रधानमंत्री फसल बीमा अधिसूचना में उक्त प्रावधान था, जो आज सभी राज्यों में लागू है। राजस्थान में इसे हटाया गया इस प्रावधान को वापस लागू किया जाए जिससे किसानों को फसल का क्लेम मिल सके ज्ञापन देने वालों में कोटा संभाग सह मंत्री सत्यनारायण धाकड़ अध्यक्ष विजेंद्र सिंह लाला बना पूर्व अध्यक्ष घनश्याम वकील ग्राम इकाई गादिया से वकील हरि सिंह ग्राम गोविंद से लोकेंद्र सिंह वकील शोभाराम अहीर युवा किसान नवीन पाटीदार भूपेंद्र पाटीदार धरनावद आदि किसान उपस्थित थे।

## कोटा क्लब चुनाव 2025-27 : अनिमेष जैन व कौशल बंसल की एकतरफा जीत तय

### 'जैन-बंसल पैनल' के प्रति सदस्यों में जबरदस्त समर्थन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** कोटा क्लब लिमिटेड के आगामी कार्यकाल 2025-2027 के चुनावों को लेकर समीकरण लगभग स्पष्ट हो चुके हैं। चुनावी दौड़ में इस बार अध्यक्ष पद पर अनिमेष जैन और सचिव पद पर कौशल बंसल की एकतरफा जीत तय मानी जा रही है। क्लब सदस्यों के बीच दोनों नेताओं को मिल रहे समर्थन और उनकी सशक्त कार्ययोजना को देखते हुए दूसरे पैनल की स्थिति कमजोर होती नजर आ रही है। अनिमेष जैन, जिनकी छवि एक सरल, सौम्य और मिलनसार नेता की रही है, पूर्व में कई सामाजिक संगठनों व संस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उनका प्रशासनिक अनुभव, व्यवहार कुशलता और सभी वर्गों के साथ मजबूत संवाद उनकी सबसे बड़ी ताकत मानी जा रही है। खास बात यह है कि उनके प्रतिद्वंदी पूर्व चुनाव में सचिव पद पर लगभग 50 मतों से पराजित हो चुके हैं, जिससे मुकाबले में जैन की स्थिति और अधिक मजबूत हो गई है। सचिव पद पर खड़े कौशल बंसल को क्लब के कार्य संचालन का वर्षों का अनुभव प्राप्त है। भवन निर्माण और उसके पट्टे को लाने में उनकी अग्रणी भूमिका को क्लब के सदस्य भली-भांति जानते हैं। उनके पिछले कार्यकालों में पारदर्शी और विकासोन्मुखी कार्यशैली ने उन्हें विश्वसनीय नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया है। कोटा क्लब चुनाव का मतदान 19 जुलाई को शाम 04 बजे से 08 बजे किया जाएगा और रात्रि 09 बजे के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाऐंगे।कुल 15 पदों के लिए हो रहे इस चुनाव में




500 से अधिक सदस्य मतदान करेंगे, अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष दो जोईंट सेकेट्री ओर 10 कार्यकारणी सदस्य के पद पर चुनाव होगा जबकि कोषाध्यक्ष के पद पर जैन व बंसल पैनल के अंशुल कासलीवाल को निविरोध चुन लिया गया। जो जैन—बंसल पैनल की सदस्यों के बीच लोकप्रियता का प्रतीक है। जिनमें शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, उद्यमी और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हैं। ऐसे में जैन-बंसल पैनल की अनुभव, व्यवहार और सशक्त प्रबंधन क्षमता को प्राथमिकता मिलना स्वाभाविक माना जा रहा है। इस पैनल के अन्य उम्मीदवारों में भी अनुभवी व प्रभावशाली नाम शामिल हैं जो टीम वर्क और क्लब की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'टूगेदर वी विल मेक अ डिफरेंस' जैसे नारे के साथ टीम डिवेलपमेंट (जैन-बंसल पैनल) ने जिस तरह से सदस्य संवाद और विश्वास कायम किया है, उससे उनकी जीत लगभग सुनिश्चित मानी जा रही है।

## कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न संबंधी स्थानीय शिकायत समिति का पुनर्गठन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम अन्तर्गत जिले में कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की सुनवाई एवं निस्तारण के लिए स्थानीय शिकायत समिति का पुनर्गठन किया गया है। इस समिति की अध्यक्ष जय दादी कल्याण विकास समिति की सचिव पूनम जैन मारवाड़ा होंगी। जिला कलेक्ट्रेट की प्रशासनिक अधिकारी ममता पोटर, हाड़ौती सेवा मंच के अध्यक्ष खेमचन्द शाक्यवाल एवं महिला नागरिक सहकारी बैंक की निदेशक सुनिता नायक इस समिति की सदस्य होंगी जबकि उप निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किए। समिति का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण जिला रहेगा। अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल अधिकतम 3 वर्ष रहेगा। प्रत्येक ब्लॉक, तहसील के लिए संबंधित तहसीलदार एवं शहरी क्षेत्र के लिए नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका के आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में नामित रहेंगे। नोडल अधिकारी के द्वारा अधिनियम के तहत प्राप्त शिकायत स्थानीय समिति को सात दिवस के अंदर अग्रेषित की जाएगी।

## जल भराव क्षेत्रों में पैदल घूमे शिक्षा मंत्री, पानी निकासी के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिले के रामगंजमंडी क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण जल भराव और बाढ़ की हालत का निरीक्षण करने शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री तथा रामगंजमंडी के विधायक मदन दिलावर ने शुक्रवार को सुकेत कस्बे के पीलिया खाल में जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण किया। श्री दिलावर ने नाले के कारण खेतों और बस्ती में पानी भर जाने के कारण अधिकारियों को नाले को चौड़ा करने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री सुकेत के यादव मोहल्ला पहुंचे जहां गलियों में पानी भरा हुआ था। मंत्री श्री दिलावर ने भरे हुए पानी में चलकर गलियों का निरीक्षण किया और लोगों की परेशानियां सुनी। उन्होंने अधिकारियों को बंद नाले खोलने और नालों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कब्रिस्तान से पानी बहकर बस्ती में आने की शिकायत पर शिक्षा मंत्री ने पानी दूसरी तरफ डायवर्ट करने के निर्देश दिए। मंत्री ने सुकेत के मेहर मोहल्ला, होली का खुट सहित अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। साथ ही, खैराबाद, बैरवा बस्ती, हरियाखेड़ी, रावली तथा मांडा गांव का दौरा कर बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए निर्देश। इस दौरान सीईओ जिला परिषद राजपाल सिंह, एसडीएम रामावतार मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी साथ रहे।



## तीन दिन सूखे के बाद राजसमंद जिले में शुक्रवार को मूसलाधार बारिश

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** कुंभलगढ़ तहसील क्षेत्र में भारी बारिश हुई. इसके चलते ओड़ा- कणुजा मार्ग पर तालाब ओवरफ्लो हो गया. सड़क पर अचानक पानी आने से बच्चों को लेकर जा रही स्कूली वेन व दो युवक फंस गए.



इधर, वेरो का मठ क्षेत्र में नाला उफान पर आने से एक महिला बह गई. एसडीएम एसडीआरएफ की टीमों के साथ मौके पहुंचे.कुंभलगढ़ के उपखंड अधिकारी गोविंदसिंह रतनू ने बताया कि सुबह दस बजे के बाद से भारी बारिश हो रही है. इसके चलते वेरो का मठ से परशुराम महादेव मंदिर मार्ग पर नाला उफान पर आ गया, जिससे एक विक्षिप्त महिला बह गई.क्षेत्रीय लोगों ने बचाव के प्रयास किए, लेकिन नहीं बचा पाए. राजसमंद से एसडीआरएफ व आपदा प्रबंधन की टीम बुला ली गई. इस बीच कुंभलगढ़ से उदयपुर मार्ग पर ओड़ा व कणुजा के पास तालाब ओवरफ्लो हो गया. इसकी वजह से स्कूल वेन बीच रास्ते में फंस गई. वेन में आठ बच्चे थे. दो युवक भी वेन के पास एक पेड़ के सहारे अटके हुए हैं. प्रशासन इन्हें बचाने के प्रयास कर रहा है.खेतों में फंसे बच्चे: दूसरी तरफ कड़िया गांव में नाला अचानक उफान पर आ गया, जिससे खेतों में गए दो बच्चे दूसरे छोर पर फंस गए. वे अब गांव नहीं लौट पा रहे. ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रशासन रेस्क्यू के प्रयास में लगा है. इधर, केलवाड़ा, तलादरी, कड़िया, ओड़ा व कणुजा क्षेत्र में भारी बारिश के चलते केलवाड़ा के बाजार में पानी भर गया. पानी कई दुकानों और घरों में भी घुस गया.बाजार में दो से तीन फीट पानी बह रहा है. फिलहाल, बारिश का दौर जारी है. उपखंड अधिकारी रतनू ने आम लोगों से अपील की है कि वे बहते पानी और जलाशयों के पास नहीं जाएं. भारी बारिश हो रही है. कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## छितरिया ताल में डूबा किशोर, स्थानीय लोगों ने बचायाः गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर, प्रशासन की एडवाइजरी के बाद भी लापरवाही

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में शुक्रवार को छितरिया ताल पर एक किशोर के डूबने का मामला सामने आया। मछली पकड़ने गया नाबालिग गहरे पानी में डूब गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकाला। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।



सूचना मिलते ही एसडीएम साधना शर्मा मौके पर पहुंचीं। घायल किशोर सूरज (17) पुत्र देव सिंह को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे आगे के उपचार के लिए रेफर कर दिया। जिला प्रशासन ने पहले ही नदी, तालाब और अन्य जलाशयों में बढ़े जलस्तर को देखते हुए एडवाइजरी जारी की थी। इसमें लोगों को पानी से दूर रहने की हिदायत दी गई थी, लेकिन स्थानीय लोग इस एडवाइजरी की अनदेखी कर रहे हैं। इस घटना के बाद भी लोग छितरिया ताल के पास जा रहे हैं।

## सरमथुरा रोड हाईवे के बाईपास पर हादसा टैम्पो और बाइक में भिड़ंत, बाइक सवार सहित टैम्पो चालक घायल,एक धौलपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर सरमथुरा रोड बाईपास पर गुरुवार की देर शाम सड़क दुर्घटना हो गई। अनियंत्रित टेंपो और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में बाइक सवार सहित टेंपो चालक घायल हो गया। दोनों घायलों को आसपास से गुजर रहे लोगों की सूचना पर एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां से घायल बाइक सवार को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।जानकारी के अनुसार बसेड़ी रोड स्थित रेवई के कोरीपुरा गांव निवासी बाइक सवार मुकेश पुत्र छिंगा कोली किसी काम से विशिनिगिर मंदिर गया था। वहां से वापस अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान सरमथुरा रोड के सोनारा ग्राम पंचायत के टोडपुरा निवासी टेंपो चालक जीतू पुत्र नारायण सिंह ठाकुर सवारियों को लेने बाड़ी जा रहा था। ऐसे में बाइक और टेंपो के बीच बाईपास पर भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। घायलों को बाड़ी अस्पताल भर्ती में भर्ती कराया गया है। जहां से घायल मुकेश कोली को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

## गुणवत्तापूर्ण शिकायत समाधान कर अधिकतम परिवादियों को करें संतुष्ट -डीएम

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के तीव्र निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में अटल सेवा केन्द्र में किया गया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे प्रकरणों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करायें जिससे परिवादियों की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजकीय कार्यालय में शिकायत समाधान पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारी सम्पर्क पोर्टल 2.0 पर लंबित परिवादों का प्रतिदिन नियमित फॉलोअप करें।



प्राथमिकता से यथासम्भव परिवादो का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटवाने, विद्युत कनेक्शन, राजस्व, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में परिवादी योगेन्द्र सिंह ग्राम रैवियापुरा बसेड़ी में गैर मुमकिन रास्ते पर अतिक्रमण के सम्बन्ध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने तहसीलदार बसेड़ी को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। परिवादी दयाराम मीना गुरदैयापुरा तहसील सरमथुरा में अपनी जमीन से कब्जा हटवाने के लिए परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर द्वारा तहसीलदार सरमथुरा को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। ग्राम पंचायत झीलरा के ग्राम नगला धारकी के ग्रामवासियों द्वारा ग्राम में बनाए गए नाले पर दबंगो द्वारा अतिक्रमण का परिवाद प्रस्तुत किया गया। जिस पर जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी सैपऊ को तत्काल कार्यवाही करते हुए नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान लगभग 60 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

# जिला कलक्टर ने 84 प्रकरणों की सुनवाई, अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। 18 जुलाई को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन शुक्रवार को जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस जिला स्तरीय जनसुनवाई की मुख्यसचिव द्वारा मॉनिटरिंग की गई।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएं। साथ ही औसत निस्तारण समय में सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान के साथ संतुष्टि प्रतिशत में वृद्धि के लिए विभागीय स्तर पर अधिकारियों द्वारा परिवादी के साथ परामर्श किया जाएं। सीपीग्राम पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। छ माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए । राज्य सरकार की प्राथमिकता अनुसार आमजन की समस्या का समाधान किया जाए । कार्यालय समय में अधिकारी आमजन से मिलने का समय निर्धारित करे । इससे आमजन से जुड़ाव के साथ क्षेत्र की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। जनसुनवाई का आयोजन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी वीसी रूम में हुआ। इसमें जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने 84 प्रार्थियों के अभाव अभियोग सुने। जन सुनवाई में अतिक्रमण, पट्टा आवंटन करने , प्रधान मंत्री आवास योजना में लाभ दिलाने , आधार अपडेट , पालनहार का लाभ दिलाने , सीमाज्ञान करवाने, अवैध निर्माण पर कार्यवाही करने, अतिक्रमण हटाने, जनआधार अपडेट कराने, विधवा पेंशन स्वीकृत कराने , राशन की केवाईसी, राशन में परिवार के सदस्यों का विवरण अपडेट करने, श्रम विभाग द्वारा मृत्यु क्लेम की राशि दिलाने , छात्रवृति का लाभ दिलाने , पेंशन , नाले एवं नालियों की सफाई के सम्बन्ध में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई की राज्य स्तर से वीसी के माध्यम से मॉनिटरिंग की गई।




जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने अतिवृष्टि को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए । उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालों की नियमित सफाई, जलभराव की रोकथाम तथा जल जनित रोगों से बचाव के लिए व्यापक सावधानियां बरतने एवं आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को तत्परता के साथ कार्य करने को निर्देश दिए ।

जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीपीग्राम एवं संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और 6 माह से अधिक लंबित मामले शीघ्र निपटाया जाए। इससे एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार आएगा । जिला स्तरीय जनसुनवाई की प्रगति का साप्ताहिक समीक्षा बैठक में भी मॉनिटरिंग की जाएगी। राहत प्रदान करने एवं संतुष्टि प्रतिशत में वृद्धि करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने कहा कि सरकार द्वारा जनसुनवाई के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था लागू की गई है। इसके अन्तर्गत प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत, द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड तथा तृतीय गुरूवार को जिला स्तर पर जनसुनवाई होती है। जुलाई माह के तृतीय गुरूवार को राज्य सहकार एवं रोजगार उत्सव होने के कारण शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। अजमेर जिले की जनसुनवाई कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी वीसी रूम में हुई। इसमें 84 प्रकरण प्राप्त हुए। इन प्रकरणों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों को अग्रेषित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राम प्रकाश, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेंद्र सिंह राठौड़ एवं श्रीमती वंदना खोरवाल ,अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव श्री अनिल पूनिया , लोक सेवाओं की सहायक निदेशक श्रीमती विनीता स्वामी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सचिव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश


बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा हाऊसिंग बोर्ड धौलपुर में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया तथा वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का जायजा लिया एवं वृद्धजनों को प्राथमिक उपचार किट एवं मैनू अनुसार समय पर भोजन एवं सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि का जायजा लिया।




निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों की समस्याएं सुनी एवं उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया जिसमें 5 वृद्धजन उपस्थित मिले तथा सभी वृद्धजनों से उनको दिए गए नाश्ता, भोजन एवं मेडिकल के संबंध में जानकारी ली तभा सभी वृद्धजनों से उनकी पेंशन, मेडिकल दवाइयां के बारे में भी जानकारी ली। वृद्धाश्रम की साफ सफाई का जायजा लिया वृद्धजनों ने कमरों में पानी आने की समस्या बताई, कुछ वृद्धजनों ने दवाईयों की समस्यां बताई एवं कुछ वृद्धजनों ने पेंशन की समस्याएं बताईं सचिव रेखा यादव ने वृद्धजनों की सभी समस्याओं के लिए वृद्धाश्रम इंचार्ज को निर्देशित किया कि वह जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का निस्तारण करें तथा वृद्धाश्रम में सचिव ने वृद्धजनों को बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का निर्माण किया गया है साथ ही सचिव ने नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं स्कीम 2024 के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, आवास, चिकित्सीय सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया गया तथा सचिव ने वृद्धाश्रम प्रभारी को निर्देश दिए कि वृद्धाश्रम में उपलब्ध मानकों के अनुसार पर्याप्त एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों, रसोई घर, शौचालय, स्नान गृह इत्यादि का भी अवलोकन किया तथा उपस्थित स्टाफ को वृद्धजनो को गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के दिशा-निर्देश दिये एवं वृद्धजनों को समय समय पर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

## धन को धर्म में लगाना निवेश,बाकी सब व्यय-प्रणीत सागर




बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** शहर की पार्श्वनाथ धर्मशाला में चल रहे स्मृति परिवर्तन के दौरान आयोजित धर्मसभा में मुनि प्रणीत सागर महाराज ने कहा धन को धर्म में लगाना निवेश,बाकी सब व्यय है। मुनि श्री ने कहा की जीवन को बेहतर बनाना है तो धन को बाहर निकालकर धर्म मे लगाइये, नही तो यही धन एक दिन आपको घर से बाहर निकाल देगा।उन्होंने सूत्र के माध्यम से बताया की धन में लगा है मन, इसलिए नही छोड़ रहा है धन ,कुछ हो जाये, उससे पहले कुछ हो जाये से जीवन जीने का सार समझाया। मीडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया की प्रवचन सभा से पूर्व चित्रणावरण, दीप प्रज्वलन, एवं मुनि श्री के पादप्रक्षालन विनय जैन कालेड़ा वाले परिवार ने किया। मंगलाचरण क्षुल्लक विधेय सागर महाराज ने काव्य वाणी इतनी शक्ति हमे देना गुरुवर से शुरुआत की। प्रवचन सभा बाद मुनि संघ की आहारचर्या सम्पन्न हुई।शहर में प्रथम बार किसी जैन संत ने विद्यालय में गए।वहां जैन संत कैसे होते है, उनकी चर्या बताई।मुनि श्री ने स्कूल के छोटे बच्चों को संबोधन एक दृष्टांत के माध्यम से शिक्षा देते हुए बताया की छांव में आना छांव में जाना, हर गांव में घर बनाना, हमेशा मीठा बोलना, देकर नही मंगवाना,मंदिर के शिखर के नीचे गड़ा है खजाना ओर जब भी आवश्यकता हो तब तीन सर तीन पेर वाले के पास ही जाना, इन सबका अर्थ भी बच्चों को समझाया। स्कूल के रोहित जैन एवं प्रिंसिपल सोनम जैन एवं बच्चों ने मुनि श्री के पादप्रक्षालन किए।इस दौरान धर्मचन्द जैन , मनोज जैन, नवीन जैन, पंकज सर्राफ, पदम चंद गांवड़ी सहित कई अभिभावक भी उपस्थित रह कर मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अजमेर कलेक्टर लोकबंधु ने स्कूली अवकाश के आदेश किये जारी...

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले में देर शाम से शुरू हुआ मूसलाधार बारिश का दौर, आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी रहेगा शनिवार को अवकाश, शनिवार को जिले के सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूलों में रहेगा अवकाश, आज दिन भर हुई मूसलाधार बारिश से कई जगह जल भराव के हुए थे हालात, सुरक्षा और एहतियात के लिहाज से अजमेर जिला कलेक्टर लोकबंधु जारी किए गए आदेश।

# सरकारी दुकानों पर कुंडली मार बैठे दुकानदारों पर 18 लाख रुपए का किराया बकाया

### अजमेर जिले की भिनाय पंचायत समिति उनकी निजी संपत्ति कुर्क करने की तैयारी में

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। भिनाय पंचायत समिति परिसर में राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना,निजी आय व नवीन दुकान के तहत 21 दुकानों का निर्माण हो रखा जिसमे सभी दुकानों पर किराएदार काबिज है, जो वर्षो से कुंडली मार कर बैठे हुए है लेकिन दुकानों का किराया जमा नही करा रहे है। वर्तमान में सभी 21 दुकानों का करीब साढ़े उन्नीस लाख रुपए का किराया बकाया चल रहा है। लेकिन पिछले दो दिन में 4 दुकानों का किराया जमा होने व 2 दुकाने पहले ही पंचायत समिति को सुपुर्द होने के बाद 16 दुकानों का 18,13,919 रुपये का किराया अभी भी बाकी है। भिनाय पंचायत समिति प्रशासन हर बार नोटिस देने के बाद भी दुकानदारो के कानों पर जूं तक नही रेंगी और यहा प्रशासन का कोई खौफ नही रहा। विकास अधिकारी अर्जुन सिंह शेखावत ने इस बार दुकानदारों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए बारी बारी नियमानुसार नोटिस जारी किए लेकिन 16 दुकानदारों पर अभी भी लाखों रुपया बकाया है । बीडीओ शेखावत ने बताया कि रामधन जाट कराटी पर 1,55,923रुपये,अब्दुल खलील रहमान भिनाय पर 79,217रुपये,मोहम्मद अनीस भिनाय पर 61,528रुपये,मोहम्मद नोसाद भिनाय पर 1,27,225 रुपये,रूपलाल जाट राममालिया पर 1,07,225रुपये,किशन शर्मा कनैईकला पर 1,20,228रुपये,

गणेश जाट बुबकिया पर 1,88,212रुपये,शमशुद्दीन उस्ता भिनाय पर 1,28,528 रुपये, मुजफ्फर अली भिनाय पर 1,89,914 रुपये इसी की दूसरी दुकान पर 1,63,528 रुपये, महावीर प्रसाद आचार्य भिनाय पर 1,08,528 रुपये, उगमा भील पर 63,528 रुपये,नोरत सिंह गोहिल भिनाय पर 1,43,528 रुपये, दुदाराम गुर्जर भिनाय पर 1,34,421 रुपये एवं भागचन्द साधु पर 42,356 रुपये बकाया चल रहे हैं।पंचायत समिति द्वारा नोटिस के जरिए व मौखिक रूप से बार बार तकाजा करने पर भी उनके कानों पर आज तक जूं नही रेंगी है ।

**इनका कहना है..**

सभी बकाया किराए के दुकानदारों को नियमानुसार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।अब उनके द्वारा राशि जमा नही कराने की स्थिति में उच्चाधिकारियों को दुकान आवंटन की फ़ाइल प्रेषित कर उनकी निजी सम्पति की कुर्की की कार्रवाई अमल में लाने हेतु अनुशंषा की जाएगी ।

**विकास अधिकारी अर्जुनसिंह शेखावत**
**पंचायत समिति भिनाय**

## पसुन्द में सांसद ने किया 4 करोड़ 50 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण बढ़ता राजस्थान

राजसमंद ( सुरेश बागोरा)। पंचायती राज में विकास कार्यो को लेकर उद्धघाटन का सिलसिला जारी है । इसी क्रम में सरपंच अयन जोशी ने बताया कि 5 वर्षो के कार्यकाल में हुए विकास कार्यो को लेकर निर्मल ग्राम पंचायत पसुन्द में उद्धघाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया । राजसमन्द सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ की अध्यक्षता में लगभग 4 करोड़ 50 लाख के विकास कार्यो के लोकार्पण किये गए । इसी दौरान पूर्व सांसद स्व0 हरिओम सिंह राठौड़ की स्मृति में बने हरीओम उपवन का लोकार्पण करते हुए बंजर जमीन पर हराभरा उपवन बनाने की सराहना की । भाजपा के युवा नेता स्व0 हितेश जोशी की स्मृति में उनके परिवार के साथ सांसद ने पौधशाला व नर्सरी का लोकार्पण किया । जिसके बाद सांसद ने जनसभा को संबोधित करते हुए आमजन को ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर जागरूक रहने व समस्याओं के समाधान को लेकर हर समय तत्पर रहने का वादा किया । ग्रामवासियो द्वारा पसुन्द की जमीन को राजनेतिक दबाव में आकर प्रशासन द्वारा अन्य विभाग को चोरी छिपे अलॉटमेंट करवाने के मामले में सांसद महोदय को अवगत करवाया गया । जिसपर तुरंत संज्ञान लेकर सांसद द्वारा अलॉटमेंट रुकवाकर गाँव की जमीन बचाई जिसके लिए ग्रामवासियो ने सांसद का धन्यवाद किया । साथ ही 15 लाख के विकास कार्य सांसद मद से शुरू करवाने के लिए भी धन्यवाद दिया। जनसभा को संबोधित करने के पश्च्यात सांसद ने बिलपत्र का पौधा लगाकर प्रकृति के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के तहत पौधे लगाने का संदेश दिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, अति विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख रतनी देवी, विशिष्ट अतिथि प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, निवर्तमान जिला अध्यक्ष मानसिंह बारहठ, कर्णवीर सिंह राठौड़, प्रधान कुलदीप सिंह ताल, पूर्व विधायक बंसीलाल खटीक, पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल, उप्रधान सुरेश कुमावत, पूर्व नगर पालिका चैयरमेन महेश पालीवाल, पूर्व उप्रधान सुरेश जोशी के साथ राजसमन्द भाजपा टीम एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।



## लाडो सेवा फाउंडेशन ने किया महिला सुरक्षा एवं सम्मान पोस्टर का विमोचन

**महिलाएं जितनी जागरूक होंगी, अपराधों पर उतना ही अधिक अंकुश लगेगा : एसपी धर्मेन्द्र यादव**




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु लाडो सेवा फाउंडेशन द्वारा तैयार विशेष पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को पीएमश्री रा.बा. उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र कुमार यादव, स्वदेशी खेल ड्रॉप रोबॉल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज प्रताप, प्रधानाचार्य अवधेश कुमार शर्मा, विद्यालय विकास समिति सदस्य लव कुमार जोशी और फाउंडेशन संस्थापक लक्ष्मण सिंह राठौड़ सहित विभिन्न गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसपी यादव ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और कानून संबंधी जानकारी रखने पर बल देते हुए पॉक्सो एक्ट की विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग होंगी, तभी समाज में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। विमोचन उपरांत एक पेड़ माँ के नाम योजना के अंतर्गत एसपी यादव ने सिंदूर का पौधा रोपित किया एवं उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। विमोचित पोस्टर के माध्यम से जहाँ नारी सुरक्षित, वहीं समाज विकसित जैसे संदेशों को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण को समर्पित फाउंडेशन की हेल्पलाइन (7891038100) भी जारी की गई, जो 24×7 सहायता उपलब्ध कराएगी। विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा और कानूनों की जानकारी देने का संकल्प भी दिलाया गया।

## श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में प्लास्टिक पर प्रतिबंध की मांग, पर्यावरण संरक्षण को लेकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** श्रावण मास में शिवभक्ति से ओतप्रोत कांवड़ यात्रा इन दिनों जिलेभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ जारी है, लेकिन इसके साथ ही पर्यावरणीय जिम्मेदारी को लेकर भी चिंताएं सामने आ रही हैं। मणी एजुकेशनल सोसाइटी की सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनुराधा झा ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कांवड़ यात्रा के दौरान प्लास्टिक उपयोग पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया कि प्रसाद, भंडारे और जलसेवा जैसी गतिविधियों में प्लास्टिक बैग, गिलास, बोतलें और थैलियां उपयोग में ली जा रही हैं, जो न केवल पर्यावरण को हानि पहुंचा रही हैं, बल्कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता और पशु-पक्षियों की सुरक्षा पर भी खतरा बन रही हैं। अनुराधा झा ने प्रशासन से प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने, जन-जागरूकता अभियान चलाने, आयोजकों को इको-फ्रेंडली विकल्पों के लिए प्रेरित करने, सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने और कचरा पृथक्करण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

## हिस्ट्रीशीटर गोपाल गुर्जर की अगुवाई में जुटी भीड़, पुलिस ने मौके पर की सख्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** थाना माण्डल के हिस्ट्रीशीटर गोपाल गुर्जर द्वारा असामाजिक तत्वों की भीड़ जुटाकर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने के प्रयास की सूचना मिलने पर थाना पुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सख्त कार्रवाई की। शांति भंग की आशंका को देखते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को तितर-बितर किया और बिना नंबर या निर्धारित पैटर्न की नंबर प्लेट तथा काली फिल्म लगे 11 चौपहिया और 10 दुपहिया वाहनों को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई वृताधिकारी वृत सदर श्याम सुंदर विश्नोई एवं वृताधिकारी माण्डल मेघा गोयल के सुपरविजन में, थानाधिकारी पुर पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में की गई। पुलिस का कहना है कि बिना स्वीकृति के आयोजित कार्यक्रम में शामिल कई वाहनों की नंबर प्लेट पर पंजीकरण अंक नहीं लिखे थे और काली फिल्म भी लगी थी, जो नियमों का उल्लंघन है। पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक कड़ा संदेश मानी जा रही है।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 निःशुल्क तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 18 जुलाई से प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** देवस्थान विभाग ने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन प्रक्रिया 18 जुलाई से शुरू कर दी हैं। इस योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को देश के विभिन्न प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों की निःशुल्क यात्रा करने का अवसर मिलेगा। देवस्थान विभाग कोटा के सहायक आयुक्त कृष्ण कुमार खंडेलवाल ने बताया कि इच्छुक और पात्र नागरिक 10 अगस्त तक इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए देवस्थान विभाग ने पात्रता मानदंड निर्धारित किए हैं, जिसके तहत आवेदक राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की आयु 60 वर्ष से अधिक हो और आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन रखी गई हैं।

## शहर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी में 71 लोगों को मिली जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** शुक्रवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष सी.एल प्रेमी के अनुमोदन के उपरांत नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौथमल वर्मा ने नगर की नई कार्यकारिणी घोषित की। नई कार्यकारिणी में 71 लोगों को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष 5, महासचिव 12, उपाध्यक्ष 13, कानूनी सलाहकार 2, सचिव 24, संरक्षक 15, संगठन महासचिव पवन गोयनका, प्रवक्ता आसिफ अली को बनाया गया है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौथमल वर्मा ने बताया कि नई कार्यकारिणी में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व लिया गया है। साथ ही युवा वर्ग को विशेष महत्व दिया गया है। हमारा उद्देश्य सभी को साथ लेकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने का दायित्व नई कार्यकारिणी को निभाना है। नव नियुक्त कार्यकारिणी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए खुशी जताई है।

**46 परिवादों में से 15 का मौके पर निस्तारण, सतर्कता के 11 प्रकरणों की समीक्षा**

# जिला स्तरीय जन सुनवाई, जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जिला स्तरीय जन सुनवाई, जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक शुक्रवार को कलक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी कक्ष में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलक्टर आलोक रंजन की। जन सुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त कुल 46 परिवादों पर चर्चा की गई, जिनमें से 15 का त्वरित निस्तारण मौके पर ही किया गया। इसके अतिरिक्त सतर्कता श्रेणी के 11 प्रकरणों की भी समीक्षा की गई, जिनमें से एक प्रकरण का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया गया। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से प्राप्त परिवादों और शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निष्पक्ष, समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जन-जवाबदेही और संवेदनशीलता को सर्वोपरि रखा जाए। साथ ही प्रत्येक निस्तारित परिवाद की सूचना संबंधित परिवादी को प्रदान की जाए, ताकि उन्हें समाधान की पुष्टि मिल सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक ने विभागीय अधिकारियों से प्रकरणवार रिपोर्ट प्राप्त कर समाधान की समय-सीमा तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जन शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही, आमजन को राहत पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निस्तारित मामलों में संतुष्टि का प्रतिशत बढ़ाया जाए और नागरिकों को समाधान की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जन सुनवाई के दौरान अवैध निर्माण, रास्ता खुलवाने, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने, आवासीय भूमि का पट्टा दिलाने, सीसी रोड बनाने, नाम शुद्धिकरण करने, आंगनवाड़ी भवन बनाने, विद्यालय की छत सही, वेतन दिलाने, निष्क्रिय विद्युत लाइन हटाने, अतिक्रमण, पट्टा निरस्तीकरण, राजस्व विवाद सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (रावतभाटा) विनोद मल्होत्रा, पुलिस विभाग, नगर परिषद, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जलदाय विभाग, अजमेर विद्युत वितरण निगम, चिकित्सा, कृषि, उद्यान, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




## न्यायाधीश जैन ने पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने का किया आह्वान, सुरक्षा पर भी दिया जोर

**पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है-अभय जैन**

**पौधे लगाना और उनकी सुरक्षा करना दोनों महत्वपूर्ण है-रामपाल सोनी**




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम उद्योग समूह भीलवाड़ा द्वारा सोनी अस्पताल परिसर में एक लाख पौधे एवं 5 हजार ट्री गार्ड वितरण अभियान के तहत जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में लोगों को पौधे वितरित करते हुए पौधे लगाने एवं उनकी सुरक्षा करने को जन आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी या गैर-सरकारी संगठनों का काम नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पौधा लगाने के बाद हमारी जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती, बल्कि यह तब शुरू होती है जब हम उस पौधे को एक पेड़ बनने तक पालते हैं।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे विशाल भार्गव एवं एसीजेएम विशेष नागरवाल ने कहा कि पर्यावरण संकट का समाधान हर व्यक्ति द्वारा किए गए छोटे-छोटे प्रयासों से होगा। हर घर, हर गली, हर मोहल्ले में पौधे लगाए जाएं और उनकी देखभाल बच्चों की तरह की जाए। यह सिर्फ पौधा लगाना नहीं है, यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य की नींव रखना है। समूह के चेयरमैन रामपाल सोनी ने कहा कि पौधे लगाना और उनकी सुरक्षा करना दोनों महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आस-पास लगाए गए पौधों का ध्यान रखें, उन्हें पानी दें, और किसी भी प्रकार की क्षति से बचाएं। पौधा वितरण प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बताया कि आज 530 ट्री गार्ड एवं 8850 पौधों का वितरण आम जनों एवं विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थलों को किया गया। पौधा एवं ट्री गार्ड वितरण में गुमानसिंह पीपाड़ा, मुकेश अजमेरा, जमनालाल जोशी, हिम्मत पारीक, सत्यनारायण व्यास का सहयोग रहा। आमजन को प्रतिदिन पौधे प्रातः 8 से 10 बजे तक एवं विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थल हेतु पौधे 10 से 12 बजे तक वितरित किए जाएंगे।

## दूणजा माता पदयात्रा में नजर आया आस्था का सैलाब



बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** कस्बे से शुक्रवार को मां दूणजा नवयुवक मंडल के नेतृत्व में महिला पुरुष एवं बच्चों सहित सौ से अधिक पदयात्रियों का एक जत्था दूणजा माता दूनी के दर्शनार्थ रवाना हुआ। दूंणजा माता के जयकारे के साथ शुरु हुई इस पदयात्रा मे सबसे आगे माता की झंडी लिए एक भक्त माता के जयकारे के साथ उत्साह एवं हौसले के साथ बढ़ रहा था वहीं डीजे में गूंज रहे शक्ति एवं भक्ति से भरे भजनों पर जत्थे में शामिल महिलाओं एवं किशोरियो का नृत्य इस पदयात्रा का मुख्य आकर्षण बना हुआ था ।मां दूणजा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी ने बताया कि यह पदयात्रा का टोंक जिले के दूनी कस्बे मे स्तिथ मां दूणजा मंदिर पर जाकर विसर्जन होगा जहां मातारानी की विशेष पूजा अर्चना के झंडी चढाई जाएगी एवं सभी पदयात्री सामुहिक रुप से क्षेत्र में सुख, शान्ति एवं समृद्धि के लिए दूणजा माता से कामना करते हुए माता को भोग लगाएंगे एवं संध्या महाआरती मे शरीक रहेंगे।उधर इस पदयात्रा की व्यवस्था से जुडे मंडल के सदस्य राकेश सैनी ने बताया कि पदयात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हो इस व्यवस्था को लेकर मंडल चाक चौबंद है पदयात्रियों को रास्ते मे कोई परेशानी नही आए इस बात का ध्यान रखा गया हैं। पदयात्रा में मेघराज सैनी, ओमप्रकाश सैनी, गिरिराज, चेतराम, लोकेश, सीताराम, प्रमेश, रामपाल, रामकरण, नरेश सहित कई पुरुष एवं महिलाएं उत्साह एवं आस्था के साथ इस पदयात्रा मे शामिल थे ।

## काशीपुरी श्याम मंदिर में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक, उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का ज्वार

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम के आठवें दिन वार्ड 29 के अंतर्गत काशीपुरी में स्थित श्याम मंदिर शिवालय में महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के सान्निध्य में आयोजन सम्पन्न हुआ। सहस्त्रधारा अभिषेक में मुख्य यजमान के रूप में भाजपा जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, दिव्या बोरदिया उपस्थित रहे। आचार्य योगेंद्र शास्त्री एवं सहयोगी पंडितों ने कार्यक्रम सम्पन्न कराया। अभिषेक के दौरान बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाओं ने पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान श्याम मंदिर कमेटी से हरीश शाह, कैलाश प्रह्लादका, शिवशंकर कछवाल, प्रकाश बजाज, सुरेंद्र अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, हरिराम शर्मा, नितिन रमन अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक ओम साईराम, भाजपा शास्त्री मंडल अध्यक्ष रमेश खोईवाल, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल आचार्य, जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह मोटरास, सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतु शेखर शर्मा, शशांक बिड़ला, महिला मोर्चा से नेहा नागर, रमेश नागर, कैलाश सोनी सहित अनेक वार्डवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नसबंदी फेल होने के मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को कुर्की का सामना करना पड़ा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में एक महिला की नसबंदी फेल होने के मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को कुर्की का सामना करना पड़ा, नसबंदी फेल होने का मामला और क्षतिपूर्ति हेमलता नामक महिला ने 30 दिसंबर 2005 को हिंडोली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी करवाई थी. साल 2007 में उन्हें गर्भधारण का अंदेशा हुआ और चिकित्सकों से संपर्क करने पर उन्हें टाल दिया गया। 16 फरवरी 2008 को उनकी नसबंदी फेल हो गई और उन्हें एक बच्चे को जन्म देना पड़ा। इसके बाद, 20 अक्टूबर 2008 को हेमलता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और बच्चे के लालन-पालन, पोषण और शिक्षा के लिए चिकित्सा विभाग से 2 लाख की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने का आग्रह किया।

### न्यायालय का आदेश और कुर्की की कार्यवाही

न्यायालय ने सुनवाई के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आदेश दिया कि वे 1 लाख की राशि, निर्णय की तिथि से वसूली तक 6त्न वार्षिक ब्याज की दर से हेमलता को दें। हालांकि, सीएमएचओ कार्यालय ने न्यायालय के आदेश का पालन समय पर नहीं किया. इसके चलते न्यायालय ने सीएमएचओ कार्यालय की कार (टाटा सूमो), टेबल, कुर्सी और कंप्यूटर को कुर्क कर हेमलता को क्षतिपूर्ति राशि देने का निर्देश दिया। शुक्रवार को न्यायालय के सेल अमीन सीएमएचओ कार्यालय में कुर्की की कार्यवाही के लिए पहुंचे। इसके बाद सीएमएचओ कार्यालय ने 1,12,751 का चेक हेमलता के नाम जारी किया, जिसके बाद कुर्की की कार्यवाही टल गई और न्यायालय के कर्मचारी वापस लौट गए।



**शिव अभिषेक, गौ शाला में गौ पूजन सहित कई कार्यक्रमो का हुआ आयोजन**

## प्रधान नागर के जन्म दिवस पर 11000 पौधे लगाये

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर सैनी ) ।** नैनवां पंचायत समिति प्रधान पदम नागर के जन्म दिवस के अवसर पर शुक्रवार को तहसील की 33 ग्रांम पंचायतों में 11000 से अधिक पौधे लगाए गए। नागर के समर्थको एंव भाजपा कार्यकर्ताओ ने पौध रोपण करके उनके सार संभाल की जिम्मेदारी ली गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर एवं पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी ने भी नागर को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी गई। प्रधान पदम नागर की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओ ने बिल्वपत्र चढ़ाकर महादेव का अभिषेक किया तथा नैनवां स्थित गौशाला में गौ पूजन कर गोवंश को गुड लापसी एवं हरा चारा वितरित किया। तत्पश्चात पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी का आशीर्वाद लेने नीजी आवास आंवा पहुँचे। पदम नागर का सैनी ने माल्यार्पण कर अभिनंदन करते हुए उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, तालेड़ा प्रधान राजेश रायपुरिया, के.पाटन प्रधान वीरेंद्र सिंह हाडा, हिंडोली प्रधान कृष्णा माहेश्वरी सहित कई भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधान पदम नागर को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। पूर्व चेयरमैन प्रमोद कुमार जैन, देई भाजपा मंडल अध्यक्ष मोती शंकर नागर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा नेता संपत कुमार जैन, भंवर सिंह सोलंकी, महावीर नामा, जगदीश जोशी, पार्षद उम्मेद नागर, ओमप्रकाश गुर्जर, पुखराज ओसवाल, अटल सोनी, विनोद नागर, धाकड़ समाज युवा जिला अध्यक्ष दीपक चोपड़ा, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष मुकेश नागर, श्योजी लाल नागर, पंचायत समिति सदस्य सुनीता शर्मा, दुगारी सरपंच रामलाल खींची, शिव शर्मा दुगारी, चंद्र प्रकाश गोयल, आशाराम नागर, बद्रीलाल मीणा, सत्यनारायण पटेल, महेंद्र नागर, बलराम गुर्जर, मोजीराम गुर्जर, आत्माराम नागर, महावीर नागर, अशोक नागर, बालचंद नागर, भंवरलाल नागर, रामफूल नागर, विनोद पोटर आदि कार्यकर्ता की मौजूदगी में पौधरोपण किया गया।



## तेज बारिश से हुआ जनजीवन अस्त-व्यस्त, पानी की हुई तेज आवक, जिक जेक डैम छलका

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** शुक्रवार को हुई अचानक तेज बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त हो गया। कस्बे में बरसाती नालों पर हो रहे अतिक्रमण के चलते पानी नालों से बाहर आकर रोड पर बहने लगा जिससे नगर पालिका के सामने मुख्य रोड पर लगभग डेढ़ से दो फुट पानी आ गया। वही कस्बे में तेज बारिश के चलते पहाड़ी का पानी सिमट कर जबरदस्त वेग के साथ नाइयों के मोहल्ले से होता हुआ पुराना बाजार हो कर छीतरलाल जी के नाले में गिरा। इस दौरान पहाड़ी के तेज बहाव के चलते हैं कस्बे के कई घरों में पानी घुस गया और नगर पालिका द्वारा कचरा संग्रहण के लिए रखे गए डस्टबिन पानी के तेज बहाव के साथ बह कर नाले के सामने मुख्य सड़क पर आकर ठहर गए जिससे रास्ते में जाम लग गया तथा आवागमन बाधित हो गया। पानी का बहाव कम होने पर नगर पालिका द्वारा जेसीबी की सहायता से मुख्य सड़क पर फैली मिट्टी तथा पत्थर को हटा कर रास्ता बहाल किया। शहर के नालों का पानी की आवक ज्यादा होने के कारण शंकरपुरा स्थित जिक जेक डैम भी छलक उठा।

"जो समस्त विषयों का और इच्छाओं का त्याग करके ईश्वर को समर्पण करता हैं वही सच्चा भक्त हैं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ अध्यक्ष बने वसुंधरा राजे समर्थक रहे अमीन पठान:विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी छोड़ी थी, कांग्रेस ने छह प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष बनाए गए अमीन पठान वसुंधरा राजे के नजदीक रहे हैं। वसुंधरा राजे ने दूसरे कार्यकाल में उन्हें राज्य हज कमेटी का अध्यक्ष बनाया था। यह फोटो 23 अगस्त 2016 का है, जब अमीन पठान ने तत्कालीन सीएम वसुंधरा राजे से मिलकर हज कमेटी अध्यक्ष बनाने पर धन्यवाद दिया था। कांग्रेस ने छह प्रकोष्ठों के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए हैं। पहले बीजेपी में रह चुके और वसुंधरा राजे के समर्थक रहे अमीन पठान को कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अमीन पठान नवंबर 2023 में विधानसभा चुनावों के वक्त बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। बाद में कांग्रेस ने उन्हें महासचिव और अब खेलकूद प्रकोष्ठ अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है।कांग्रेस ने मुकुल गोयल को उद्योग और व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। भरत मेघवाल को कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष, सीकर नगर परिषद सभापति रहे जीवन खान को स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। सुशील पारीक को पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष और भंवरलाल विश्नोई को समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है। संदीप यादव को सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष और योगिता शर्मा को अभाव अभियोग प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है।

### ललित मोदी के साथ आरसीए उपाध्यक्ष रह चुके अमीन पठान, हज कमेटी के अध्यक्ष रह चुके

कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष बनाए गए अमीन पठान विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए थे। वसुंधरा राजे के पहले कार्यकाल में जब ललित मोदी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के अध्यक्ष थे, उन दिनों अमीन पठान आरसीए के उपाध्यक्ष थे। पठान ने बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा में भी वरिष्ठ पदों पर काम किया है।बीजेपी की प्रदेश कार्यकारिणी में पदाधिकारी रह चुके हैं। वसुंधरा राजे के दूसरे कार्यकाल में अमीन पठान को राज्य हज कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया था। 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने भरतपुर जिले की कामां सीट से बीजेपी टिकट की दावेदारी की थी। बीजेपी ने अमीन पठान को टिकट नहीं दिया तो चुनाव से ठीक पहले बीजेपी छोड़ दी।

### कांग्रेस में शामिल होने के बाद जेल गए, प्रशासन ने क्रिकेट एकेडमी तोड़ी

अमीन पठान के कांग्रेस में शामिल होने के बाद उनके खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर चर्चा में रहे। पिछले साल मार्च 2024 को उन्हें सरकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट, राजकार्य में बाधा के पुराने मुकदमे में ?गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। इसके साथ ही उनकी क्रिकेट एकेडमी को प्रशासन ने वन विभाग की जमीन पर बताते हुए तोड़ दिया था। उस वक्त अमीन पठान के खिलाफ हुई कार्रवाई पर कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए राजनीतिक दुर्भावना से की गई कार्रवाई बताया था।

### सीएम के निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर में कांग्रेस ने दो ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए

सीएम भजनलाल शमा के निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर में कांग्रेस ने दो ब्लॉक अध्यक्ष बनाए हैं। सांगानेर और मानसरोवर ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए हैं। दिनेश व्यास को सांगानेर और रामसिंह चौधरी को मानसरोवर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही परबतसर के मीठड़ी ब्लॉक में लक्ष्मणराम गुर्जर और राजाखेड़ा ब्लॉक में राजेंद्र सिंह को अध्यक्ष बनाया है।

# अपने ही देश में घिरे ट्रंप, 1600 जगहों पर तानाशाह बताते हुए सड़क पर उतरे अमेरिकी




बढ़ता राजस्थान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के सबसे खूबसूरत और दूसरे सबसे बड़े शहर लांस एजिल्स में जून के महीने में हालात तनावपूर्ण हो गए थे। डाउनटाउन में कर्फ्यू लगाना पड़ गया था। 23 शो रूम में लूट पाट किया गया था। हजारों की तादाद में पुलिसवाले नेशनल गार्ड्स की मदद से प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया। पुलिस की सख्ती के बाद लांस एजिल्स में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला थमा था। अमेरिका ने करीब 12 राज्यों के 25 शहरों में ट्रम्प सरकार की आव्रजन नीति और लॉस एंजिल्स में पुलिस कार्रवाई के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरे। सैन फ्रांसिस्को, डलास, ऑस्टिन, टेक्सास और न्यूयॉर्क में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अप्रवासियों को निर्वासित करना और गरीबों के लिए मेडिकेड लाभों में कटौती जैसी विवादास्पद नीतियों के खिलाफ पूरे अमेरिका में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। 1,600 से ज़्यादा जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए। इन प्रदर्शनों को %गुड ट्रबल लाइव्स ऑन% नाम दिया गया है, जो दिवंगत सांसद और मानवाधिकार कार्यकर्ता जॉन लुईस को समर्पित दिन है। आयोजकों ने लोगों से विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रखने का आग्रह किया। शिकागो विरोध प्रदर्शन का मुख्य केंद्र था। दोपहर में प्रदर्शनकारी शहर के केंद्र में एकत्र हुए। शिकागो में रैली के दौरान कैंडिल लाइट मार्च निकाला गया। पब्लिक सिटिजन समूह की सह-अध्यक्ष लिसा गिल्बर्ट ने मंगलवार को कहा कि हम अपने देश के इतिहास के सबसे भयावह समय से गुजर रहे हैं। हम सरकार में बढ़ती तानाशाही और अराजकता का सामना कर रहे हैं, जो हमारी लोकतांत्रिक स्वतंत्रता और अधिकारों को चुनौती दे रही है। पब्लिक सिटीजन ग्रुप एक गैर-लाभकारी संगठन (एनजीओ) है जो बड़े कॉर्पोरेट घरानों के खिलाफ काम करता है। ये प्रदर्शन विशेष रूप से अटलांटा, सेंट लुईस, ओकलैंड (कैलिफोर्निया) और एनापोलिस (मैरीलैंड) में आयोजित किये जायेंगे।

# अब 15 अगस्त के बाद मिलेगा भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष,क्यों हो रही देरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कथित तौर पर संगठनात्मक अनुभव और पार्टी के भीतर तटस्थ रुख रखने वाले उम्मीदवार पर आम सहमति बनाने की सलाह दी है। सूत्रों ने यह भी बताया कि भाजपा ने चार संभावित उम्मीदवारों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिनमें से सभी के पास संगठनात्मक अनुभव है।भारतीय जनता पार्टी स्वतंत्रता दिवस के बाद पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मत उम्मीदवार की घोषणा करने वाली है। नए अध्यक्ष के चयन में देरी से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भी अटकलों का दौर है। भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कथित तौर पर संगठनात्मक अनुभव और पार्टी के भीतर तटस्थ रुख रखने वाले उम्मीदवार पर आम सहमति बनाने की सलाह दी है। सूत्रों ने यह भी बताया कि भाजपा ने चार संभावित उम्मीदवारों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिनमें से सभी के पास संगठनात्मक अनुभव है।




### पहलगाम हमला-मृतक नौसेना अफसर के पिता आसिम मुनीर पर बोले

# उस दिन दर्द का एहसास होगा, जब उनके बेटे-बेटी आतंकी हमले का शिकार होंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में हरियाणा के रहने वाले नौसेना में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल भी मारे गए थे। विनय के पिता राजेश नरवाल ने अपने बेटे को खोने के मानसिक आघात के बारे में बताया।विनय और हिमांशी की 16 अप्रैल को मसूरी में शादी हुई। 19 तारीख को करनाल में रिसेप्शन पार्टी रखी गई थी। इसके बाद वह 21 अप्रैल को हिमांशी के साथ हनीमून मनाने के लिए पहलगाम गए थे, जहां 22 अप्रैल को एक आतंकी ने नाम पूछकर विनय पर गोली चलाई थी। एक इंटरव्यू में राजेश ने कहा कि हमारा परिवार ऐसे दुख में जी रहा है, जो असहनीय है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर इस दर्द को तब समझेंगे, जब किसी आतंकी हमले में उनके बेटे या बेटी को नुकसान होगा।

**विनय के पिता राजेश बोले- परिवार के सामने रो भी नहीं सकता**

राजेश ने कहा- मैं अपने परिवार के सामने रो भी नहीं सकता। मेरी पत्नी, माता-पिता, सब टूट चुके हैं। लेकिन मुझे शांत रहना है ताकि उन्हें लगे कि मैं मजबूत हूं। मन को शांति नहीं मिल रही है। इतने दिन हो गए हैं, हम सो नहीं पा रहे हैं। हमारा दिमाग पूरी तरह से सुन्न हो गया है। कोई भी दो-तीन घंटे से ज्यादा सो नहीं पा रहा है। जब हम मनोचिकित्सक के पास जाते हैं, तो वे दवाइयां लिखते हैं। लेकिन इसका कोई इलाज नहीं है। हमें दूसरी बीमारियां हो जाती हैं। हम ऐसे ही हैं।दरअसल, अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित ग्लोबल टेररिस्ट की लिस्ट में डाल दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी।इस पर राजेश ने कहा, इतना कर देना काफी नहीं है। यह रातों-रात नहीं हुआ। ञ्रक्रस्न 2019 में बना, जब हमारी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया था।

# बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 17 मौतें

### पटना में गंगा खतरे के निशान से पार, राजस्थान में सैलाब में फंसे 7 लोग बचाए गए

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार में पिछले 24 घंटों में बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 5 मौतें नालंदा में हुईं। वैशाली में 4, बांका और पटना 2-2 लोगों की जान चली गई। पटना में गंगा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है।राजस्थान के राजसमंद में एक वैन में तीन बच्चों समेत सात लोग सैलाब में फंस गए। वैन से निकले कुछ लोग किनारे आने की कोशिश में पेड़ पर फंस गए थे। करीब 2 घंटे के रेस्क्यू के बाद सभी को बचा लिया गया।यूपी के वाराणसी में गंगा उफान पर हैं। नदी का जलस्तर हर घंटे 1 सेमी बढ़ रहा है। इसके अलावा वरुणा नदी भी उफान पर है। करीब 30 हजार घरों ने बाढ़ का पानी आने से पहले ही पलायन की तैयारी शुरू दी है। बलिया में गंगा नदी ने खतरे के निशान को पार कर लिया है।वहीं, हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में अब तक 110 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 1200 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।एक दिन के ब्रेक के बाद अमरनाथ यात्रा शुक्रवार फिर से शुरू कर दी गई है। पिछले कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर में हुई भारी बारिश और 16 जुलाई को बालटाल रूट पर लैंडस्लाइड के बाद यात्रा रोक दी गई थी।

गुरुवार को हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश हुई। सिरमौर के लोहरा इलाके में भूस्खलन के कारण एनएच -707 ब्लॉक हो गया। मौसम विभाग ने 9 जिलों के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ के खतरे की चेतावनी दी है।राज्य भारी बारिश से जूझ रहा है, जिसके कारण कई जगह भूस्खलन हुआ है और अचानक बाढ़ आई है। 20 जून से अब तक राज्य को 1,220 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। एनएच समेत 170 सड़कें अभी भी बंद हैं।

सूत्रों ने बताया कि राजमार्ग 30 घंटे से ज्यादा समय से बंद है और इसे अभी तक वाहनों के आवागमन के लिए बहाल नहीं किया जा सका है, क्योंकि पहाड़ से गिरता मलबा सड़क साफ करने के काम में दिक्कत दे रहा है।

इस मानसून में हिमाचल प्रदेश में अब तक 31 बार अचानक बाढ़ आ चुकी है।

# भारत में रूसी महिला बच्चे के साथ लापता

### बन्सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को लुकआउट नोटिस जारी करने का आदेश; पति को जासूसी का शक

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बच्चे की कस्टडी से जुड़े एक अनोखे केस में एक रूसी महिला के लिए लुकआउट नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। महिला 7 मई से बच्चे को लेकर गायब है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार से दोनों को ढूंढने का आदेश दिया है।जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि रूसी महिला विक्टोरिया देश छोड़कर नहीं जानी चाहिए। कोर्ट ने मां और बच्चे को ढूंढकर, बच्चे को उसके भारतीय पिता सैकत बसु को सौंपने का आदेश दिया। कोर्ट को बताया गया कि रूसी महिला और बच्चा जंगल में गायब हो गए हैं।सैकत और उनके परिवार को शक है कि विक्टोरिया भारत की जासूसी करके रूस लौटना चाह रही थी। वह 2019 से भारत में रह रही है। वह एक्स-1 वीजा पर भारत आई थी।



# जजों पर टिप्पणी मामले में हाईकोर्ट पहुंचे विकास दिव्यकीर्ति

### अजमेर कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की अपील; कहा- किसी की भावना को आहत नहीं किया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स)।** जजों पर अपमानजनक टिप्पणी के मामले में कोचिंग संस्थान के संचालक विकास दिव्यकीर्ति ने हाईकोर्ट में अपील दायर की है। यह अपील अजमेर कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की गई है, जिस पर 21 जुलाई को सुनवाई होगी।विकास दिव्यकीर्ति के वकील पुनीत सिंघवी ने कहा- अपील में कहा है कि हमने किसी की भावना को आहत नहीं किया है। अजमेर न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने हमारे खिलाफ जो क्रिमिनल प्रोसिडिंग शुरू की है, वो गलत है।दरअसल, अजमेर की न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2 के पीठासीन अधिकारी मनमोहन चंदेल की कोर्ट ने विकास दिव्यकीर्ति के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत पर सुनवाई करते हुए उन्हें 22 जुलाई को पेश होने के आदेश दिए थे।

**आईएएस को बताया ज्यादा पावरफुल**

विकास दिव्यकीर्ति के खिलाफ शिकायतकर्ता ने कहा था- विकास दिव्यकीर्ति ने एक वीडियो में न्यायपालिका के खिलाफ अपमानजनक और व्यंग्यात्मक भाषा का इस्तेमाल किया।

**एक वीडियो से शुरू हुआ विवाद**

दरअसल, यह विवाद दृष्टि द्बस् कोचिंग के संचालक विकास दिव्यकीर्ति के एक वीडियो शो आईएएस वर्सेज जज- कौन ज्यादा ताकतवर' से खड़ा हुआ था। इसमें विकास दिव्यकीर्ति ने आईएएस को पावरफुल बताया था। इस पर वकील कमलेश मंडोलिया की शिकायत पर अजमेर के न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-2 के पीठासीन अधिकारी मनमोहन चंदेल की अदालत ने मामला दर्ज कर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए थे।बहस पूरी होने के बाद न्यायाधीश ने 40 पेज के आदेश में कमलेश मंडोलिया की ओर से पेश किए मानहानि केस को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# बीसीसीआई को 2023-24 में 9742 करोड़ की कमाई हुई-इसमें से 5761 करोड़ आईपीएल से आए; बोर्ड के पास 30 हजार करोड़ रिजर्व में हैं

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है और इसकी कुल आय 9742 करोड़ रुपए रही। फर्म रेडिफ्यूजन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा इंडियन प्रीमियर लीग से आया। आईपीएल ने अकेले 5,761 करोड़ रुपए का योगदान दिया। यानी बोर्ड की कुल कमाई का 59प्रतिशत हिस्सा आईपीएल से आया।

गैर-आईपीएल मीडिया राइट्स से बीसीसीआई को 361 करोड़ रुपए की आमदनी हुई। आईपीएल अब बीसीसीआई की सबसे बड़ी आय का सोर्स बन चुका है और रणजी ट्रॉफी समेत घरेलू क्रिकेट के खिलाड़ियों को बड़े मौके भी दे रहा है।

**बीसीसीआई के पास 30,000 करोड़ रुपए रिजर्व में**

रेडिफ्यूजन के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप गोयल ने कहा, बीसीसीआई के पास रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और सीके नायडू ट्रॉफी जैसे डोमेस्टिक टूर्नामेंट को व्यवसायिक बनाने की बड़ी क्षमता है, जिससे गैर-आईपीएल राजस्व बढ़ सकता है। बोर्ड के पास करीब 30,000 करोड़ रुपए रिजर्व में है, जिससे हर साल लगभग 1,000 करोड़ रुपए ब्याज मिलता है।

मीडिया राइट्स- मीडिया और ब्रॉडकास्टिंग राइट्स यानी आईपीएल के मैचों के टेलीकास्ट करने का अधिकार। मैच के लाइव टेलिकास्ट के अलावा हाइलाइट्स तक सिर्फ वही कंपनी दिखा सकती है, जिसके पास मीडिया राइट्स हों। इससे ही बीसीसीआई को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है। टाइटल स्पॉन्सरशिप- साल 2008 में टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए सालाना 50 करोड़ दिए गए थे। वहीं, 2023 में ये आंकड़ा सालाना ?300 करोड़ से ज्यादा हो गया। टाटा और बीसीसीआई के बीच दो साल की डील हुई थी, इसके लिए कुल 600 करोड़ दिए गए।

फ्रेंचाइजी फीस- कोई भी नई टीम जब आईपीएल का हिस्सा बनती है, इसके लिए फ्रेंचाइजी फीस देनी होती है। ये पूरा प्रोसेस बोली लगाकर होता है, जिसमें अलग-अलग कंपनियां या ग्रुप टीम खरीदने के लिए बिडिंग प्रोसेस का हिस्सा बनते हैं। साल 2022 में जब गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजायंट्स लीग का हिस्सा बनीं, तो बीसीसीआई के खाते में ?12500 करोड़ जुड़ गए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार